● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 173, पृष्ठ : 08, सीधी, शनिवार, 03 अगस्त 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



3 करोड़ दूंगा जिससे..., कोचिंग हादसे में जान गंवाने वालों के नाम आप नेता का बड़ा एलान 5

पेरिस में हार के बाद पीवी सिंधु ने लिया सन्यास? 6

## उद्यानिकी और खाद्य प्रसंस्करण से किसान और उद्योगपति दोनों लाभान्वित होंगे : डॉ. यादव



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उद्यानिकी और खाद्य प्रसंस्करण गतिविधियों से किसान और उद्योगपति दोनों लाभान्वित होंगे। इनके माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों में उद्यमिता और औद्योगिक गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जा सकता है। अतः उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के परस्पर समन्वय से रोजगार के अवसरों व आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने में मदद मिलेगी। इस दिशा में सार्थक प्रयास किए गए हैं। किसानों के साथ उनके परिवारों को जोड़ने के लिए स्व-सहायता समूहों का भी गठन किया जाए। प्रदेश में संभाग स्तर पर हाईटेक नर्सरियां स्थापित कर आवश्यक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाए। उद्यानिकी और खाद्य प्रसंस्करण विभाग का बजट बढ़ाकर बाजार की माँग के अनुसार गतिविधियां संचालित की जाएं। इस दिशा में हॉर्टिकल्चर प्रमोशन एजेंसी स्थापित कर समय-सीमा व रोडमैप निर्धारित करते हुए कार्य किया जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की समीक्षा का रहे थे। बैठक में मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाहा, मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा, अपर मुख्य सचिव श्री राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव वित्त श्री मनीष सिंह, प्रमुख सचिव श्री सुखवीर सिंह तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश मसालों के उत्पादन में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। अतः प्रदेश में मसालों की पृथक मंडी विकसित की जाए। साथ ही मसालों की खेती का अन्य जिलों में भी विस्तार किया जाए। प्रदेश में बड़े पैमाने पर फल, सब्जी, मसालों आदि का उत्पादन होता है। अतः मध्यप्रदेश के संतरा, केला, पान, लहसुन आदि की राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान स्थापित करने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में जारी वृक्षारोपण अभियान में फलदार पौधे लगाने को प्रोत्साहित करने के निर्देश भी दिए। प्रदेश में फल, सब्जियों, औषधीय पौधों आदि के आर्गेनिक प्रोडक्शन, उनके डीहाइड्रेशन प्लांट व गामा रेडिएशन जैसी गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के निर्देश भी दिए गए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि किसान को उसकी मेहनत और निवेश का पूरा लाभ मिले व परिस्थितिवश किसी भी स्थिति में उन्हें नुकसान न उठाना पड़े। अतः आधुनिकतम तकनीक और शासकीय योजनाओं की जानकारी देने के लिए जिला स्तर पर कार्यशाला आयोजित की जाएं। उद्यानिकी और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वालों को शासकीय कार्यक्रमों में सम्मानित किया जाए और उनकी उपलब्धियों को कार्यक्रमों में प्रदर्शित करने के साथ उनसे संवाद स्थापित करने की भी व्यवस्था हो, जिससे अन्य किसान व उद्यमी प्रेरणा प्राप्त कर सकें। बैठक में उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में केन्द्र पोषित योजनाओं, राज्य पोषित योजनाओं, एकीकृत बागवानी विकास मिशन, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, पर ड्रॉप मोर क्रॉप माइक्रो इरीगेशन योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना पर प्रदेश में जारी गतिविधियों पर प्रस्तुतिकरण दिया गया। बताया गया कि मध्यप्रदेश संतरा, टमाटर, धनिया, लहसुन तथा मसाला उत्पादन में देश में प्रथम स्थान पर है। किसानों की अतिरिक्त आय सुनिश्चित करने तथा पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से एक पेड़ मां के नाम अभियान तहत प्रदेश में विभाग द्वारा 18 लाख फलदार पौधे रोपे गए।

## सीबीआई करेगी कोचिंग सेंटर हादसे की जांच: दिल्ली हाईकोर्ट



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को राजेंद्र नगर में आईएएस कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में डूबने से सिविल सेवा अभ्यर्थियों की मौत की जांच सीबीआई को सौंप दी। अदालत ने पीठ ने एमसीडी व पुलिस को फटकार लगाते हुए कहा एमसीडी अधिकारियों को इसकी कोई परवाह नहीं है और यह एक सामान्य बात हो गई है। वहीं एसयूवी के चालक को गिरफ्तार करने का जिक्र करते हुए अदालत ने कहा शुक्र है कि आपने बेसमेंट में घुसने के लिए बारिश के पानी का चालान नहीं काटा।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की खंडपीठ ने निर्देश दिया कि यह सुनिश्चित किया जाए कि जांच के संबंध में जनता को कोई संदेह न हो। यह घटनाक्रम एक जनहित याचिका के संदर्भ में आया है, जिसमें दिल्ली के पुराने राजेंद्र नगर में एक आईएएस कोचिंग सेंटर में बाढ़ के पानी से भरे बेसमेंट में डूबने से तीन अभ्यर्थियों की मौत की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति के गठन की मांग की गई है। पीठ ने केंद्रीय सतर्कता आयोग आयुक्त को सीबीआई जांच की निगरानी के लिए एक अधिकारी नियुक्त करने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया ताकि जांच समय पर हो। पीठ ने कहा घटना की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए और यह सुनिश्चित करने के लिए कि जांच के संबंध में जनता को कोई संदेह न हो, यह अदालत जांच को सीबीआई को सौंपती है।

पीठ ने कहा चूंकि केंद्रीय सतर्कता आयुक्त पर्यवेक्षी शक्ति का प्रयोग करता है, इसलिए यह अदालत आयुक्त को जांच की निगरानी के लिए एक सदस्य नियुक्त करने का निर्देश देती है। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में उल्लेख किया कि दिल्ली में नालियों जैसे भौतिक बुनियादी ढांचे की स्थिति न केवल पर्याप्त है, बल्कि उनका रखरखाव भी ठीक से नहीं किया गया है और हाल की त्रासदियों ने दिखाया है कि नागरिक एजेंसियों को दिए गए उसके आदेशों का सही अर्थों में पालन नहीं किया जा रहा है और उनके साथ पानी की तरह व्यवहार किया जा रहा है। सुनवाई के दौरान पीठ ने सिविल सेवा की तैयारी कर रहे छात्रों की मौतों पर दिल्ली पुलिस और नगर निगम को फटकार लगाई।

## इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम की जांच एसआईटी नहीं करेगी, याचिका खारिज

### सुप्रीम कोर्ट बोला-इसमें दखलंदाजी गलत होगी, केवल संदेह के आधार पर आदेश नहीं दे सकते

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार (2 अगस्त) को इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम की एसआईटी जांच कराने की मांग वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जेबी पारदीवाला ने कहा कि इसमें दखलंदाजी करना आर्टिकल 32 के तहत गलत और समय से पहले होगा।

सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा कि हम इस आधार पर ऑर्डर नहीं दे सकते कि इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदी कॉर्पोरेट्स और राजनीतिक दलों के बीच हुआ लेन-देन (क्विड प्रो क्वो) था। क्विड प्रो क्वो यानी किसी चीज के बदले कुछ देना या कुछ हासिल करना होता है। सीजेआई चंद्रचूड़ ने ये भी कहा कि टैक्स असेसमेंट के मामलों की दोबारा जांच से अथॉरिटी के कामकाज पर भी असर पड़ेगा।

शीर्ष कोर्ट ने एनजीओ कॉमन कॉज और सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन समेत 4 याचिकाओं पर सुनवाई की थी। इनमें दावा किया गया था कि इलेक्टोरल बॉन्ड के नाम पर राजनीतिक दलों, निगमों और जांच एजेंसियों के बीच स्पष्ट लेन-देन होता है। फरवरी में सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम को रद्द कर दिया था। साथ ही एसबीआईको इलेक्टोरल बॉन्ड तुरंत बंद करने का आदेश दिया था। मार्च 2024 में इलेक्टोरल बॉन्ड का डेटा सामने आने के बाद यह याचिका लगाई गईं। इसमें दो मांगें रखी गई थीं। पहला- इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए कॉर्पोरेट्स और राजनीतिक दलों के बीच लेन-देन की जांच एसआईटी से कराई जाए। एसआईटीकी निगरानी सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज करें।

## केदारनाथ में लैंडस्लाइड, 5 हजार तीर्थयात्रियों का रेस्क्यू

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड में भारी बारिश के कारण हरिद्वार, देहरादून, टिहरी, रुद्रप्रयाग और नैनीताल में अब तक 16 लोगों की मौत हो चुकी है। केदारनाथ यात्रा के पैदल रूट पर 1 अगस्त की रात भारी बारिश, लैंडस्लाइड और बादल फटने के बाद 5 हजार हजार से ज्यादा तीर्थयात्री फंस गए। लिनचोली, भीमबली में अलग-अलग जगह फंसे 5 हजार लोगों का रेस्क्यू किया गया। इसके लिए चिनूक और एमआई-17 समेत 7 हेलिकॉप्टर की मदद ली गई।

## किसान विरोधी होना कांग्रेस के डीएनए में है: शिवराज



**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस पार्टी पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि किसान विरोधी होना कांग्रेस के डीएनए में है। विपक्षी पार्टियों द्वारा केंद्र की मोदी सरकार पर कृषि क्षेत्र के खिलाफ काम करने का आरोप लगाया जा रहा है। विपक्ष के आरोपों के जवाब में केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस पार्टी को ही किसान विरोधी कह दिया।

शुक्रवार को राज्यसभा में चर्चा के दौरान शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार ने बीते 10 वर्षों में कृषि क्षेत्र के बजट में अच्छी खासी बढ़ोतरी की है। किसानों को सब्सिडी पर फर्टिलाइजर्स मिल रहे हैं और आगे भी मिलते रहेंगे। कृषि मंत्री ने कहा कि किसान विरोधी होना कांग्रेस के डीएनए में है। कांग्रेस की प्राथमिकताएं शुरुआत से ही गड़बड़ रही हैं। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि केंद्र की मौजूदा सरकार ने कृषि क्षेत्र के लिए कुछ प्राथमिकताएं तय की हैं, जिनमें फसल उत्पादन को बढ़ाना, कृषि लागत को कम करना, किसानों को फसल की अच्छी कीमत देना और प्राकृतिक आपदाओं की स्थिति में किसानों को पर्याप्त राहत देना शामिल है। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने ये भी कहा कि केंद्र सरकार विपक्ष के अच्छे सुझावों का स्वागत करेगी। चौहान ने कहा कि उनकी सरकार किसानों को भगवान मानती है न कि वोटबैंक। उन्होंने विपक्ष के उन आरोपों को खारिज कर दिया, जिनमें किसानों को पर्याप्त एमएसपी न देने का आरोप लगाया गया। राज्यसभा में चर्चा के दौरान विपक्षी पार्टियों ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने कृषि क्षेत्र और किसानों के लिए बीते 10 वर्षों में कुछ नहीं किया है और हालिया बजट भी उम्मीदों के अनुरूप नहीं है।

### ट्रांसजेंडर-सेक्स वर्कर्स के रक्तदान का मामला

## सुप्रीम कोर्ट का केंद्र सरकार को नोटिस

### याचिका में तर्क- ब्लड डोनेशन पर रोक समानता के अधिकार का उल्लंघन

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सेक्स वर्कर्स, गे और ट्रांसजेंडर के ब्लड डोनेट करने पर रोक लगाने वाली याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने इस पर केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। साथ ही नेशनल एड्स कंट्रोल आर्गनाइजेशन और नेशनल ब्लड ट्रांसफ्यूजन काउंसिल को भी नोटिस जारी किया है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी परदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने शुक्रवार (2 अगस्त) को एक्टिविस्ट शरीफ डी रंगनेकर की साल 2017 के केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों को चुनौती देने वाली याचिका पर ये सुनवाई की। याचिका में तर्क दिया है कि ब्लड डोनेशन से पहले मेडिकल जांच होती है। जिसमें सुनिश्चित किया जाता है कि ब्लड डोनेट के लायक है या नहीं। ऐसे में कुछ लोगों को ब्लड डोनेशन से नहीं रोका जाना चाहिए। यह समानता के अधिकार के खिलाफ है। दरअसल, केंद्र सरकार की ब्लड डोनेशन को लेकर साल 2017 की गाइडलाइन के मुताबिक, ट्रांसजेंडर, पुरुषों के साथ यौन संबंध रखने वाले पुरुषों और विमन सेक्स वर्कर्स को ब्लड डोनेट करने पर परमानेंट रोक है।

## वायनाड में कांग्रेस बनाएगी 100 मकान

### राहुल गांधी बोले- ऐसी त्रासदी अब तक किसी राज्य ने नहीं देखी



**वायनाड।** वायनाड में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भूस्खलन से हुई तबाही का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि यह सबसे भयानक त्रासदी है। ऐसी त्रासदी अब तक किसी भी राज्य ने नहीं देखी। वायनाड त्रासदी को अलग तरीके से लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस वायनाड में 100 मकान बनवाएगी।

राहुल गांधी ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के साथ शुक्रवार को वायनाड में जिला प्रशासन और पंचायत के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान अधिकारियों ने उनको भूस्खलन में हुई मौतों, नष्ट हुए मकान और बचाव व तलाश अभियान के बारे में जानकारी दी। राहुल गांधी ने कहा कि वह इस मामले को दिल्ली में और केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के सामने उठाएंगे। यह एक अलग स्तर की त्रासदी है। इसे लेकर अलग तरीके से पहल की जानी चाहिए।

केरल के वायनाड में मंगलवार को मेप्पाडी के पास विभिन्न पहाड़ी इलाकों में आए भूस्खलन ने भारी तबाही मचा दी। इस भूस्खलन के कारण अबतक 300 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 219 घायल है। भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में सेना का राहत व बचाव कार्य जारी है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी अपनी बहन प्रियंका गांधी के साथ वायनाड में पीड़ितों से मुलाकात की। वहीं राहुल गांधी ने इसे राष्ट्रीय आपदा बताते हुए तत्काल निपटने की कार्ययोजना बनाने की मांग की थी। वायनाड के मुंडक्कई में भारी बारिश के बीच बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान जारी है। केरल के एडीजीपी (कानून व्यवस्था) एम. आर. अजीत कुमार ने बताया कि अभी भी 300 लोग लापता हैं। उन्होंने आगे कहा कि राजस्व विभाग द्वारा विवरण एकत्रित करने के बाद अंतिम संख्या के बारे में बताया जा सकता है।

## अमेरिकी विमान में यात्री ने महिला स्टाफ से बदतमीजी की

**वाशिंगटन।** अमेरिका के न्यू जर्सी राज्य के व्यक्ति को अमेरिकन एयरलाइंस के विमान में फ्लाइट अटेंडेंट से दुर्व्यवहार करने के मामले में गिरफ्तार कर लिया गया है। दरअसल 26 साल का निकोलस गैप्को 18 जुलाई को सिएटल से डलास के लिए रवाना हुआ था।

न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, विमान में उसने पहले अपनी शर्ट उतार दी। इसके बाद वह ई-सिगरेट (वेप पेन) फूंकने लगा। थोड़ी देर बाद उसने एक महिला क्रू सदस्य को मारते हुए उससे शारीरिक संबंध बनाने की बात कही। इसके बाद गैप्को ने कई बार हवा में प्लेन का दरवाजा भी खोलने की कोशिश की। इस दौरान दूसरे क्रू सदस्यों ने दूर कर शांत कराने की चाहा लेकिन वह नहीं माना। इस पर क्रू सदस्यों ने गैप्को के हाथ-पैर बांध दिए। इसके बाद उटाह के सॉल्ट लेक सिटी एयरपोर्ट पर फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई।

रिपोर्ट के मुताबिक, गैप्को पर आरोप है कि उसने दूसरे पैसेंजर्स को ड्रग्स देने की भी कोशिश की। वहीं आरोपी ने अपनी सफाई में कहा है कि उसने फ्लाइट पर सवार होने से पहले मैरुआना खाया था।

## मैं जया अमिताभ बच्चन बोल रही हूं...और जोर से हंस पड़े राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़

**नई दिल्ली।** संसद सत्र के 10वें दिन शुक्रवार (2 अगस्त) को राज्यसभा में जमकर ठहाके लगे। दरअसल, केरल के एक सांसद की तरफ से पेश एक प्राइवेट मेंबर बिल पर चर्चा हो रही थी। कांग्रेस सांसद शक्ति सिंह गोहिल ने अपने विचार रखे। इसके बाद सभापति जगदीप धनखड़ कुछ बोल रहे थे। तभी जया बच्चन खड़ी हो गईं। सभापति ने उन्हें बोलने की अनुमति दे दी। सभापति हेडफोन लगाते हुए जया से एक सेकंड रुकने का इशारा करते हैं। फिर कहते हैं, आपकी हल्की-फुल्की टिप्पणी को मुझे गंभीरता से सुनना होगा और आपकी बहुत हल्की-फुल्की टिप्पणी पर मुझे बहुत गंभीर होना पड़ेगा।

## दिल्ली शेल्टर होम में 20 दिन में 14 की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के एक शेल्टर होम में पिछले एक महीने में 14 लोगों की मौत हो गई है। इसमें 6 पुरुष, 8 महिलाएं और एक बच्चा शामिल है। मामला रोहिणी स्थित आशा किरण शेल्टर होम का है। यह दिल्ली सरकार की तरफ से संचालित एकमात्र संस्था है, जहां मानसिक रूप से कमजोर लोगों की देखभाल की जाती है।

न्यूज एजेंसी के मुताबिक, शेल्टर होम में फरवरी 2024 से अबतक कुल 25 मौतें हुई हैं। इनमें से 14 मौतें केवल जुलाई 2024 में हुई हैं। शेल्टर होम की ओर से दिल्ली सरकार को दी गई रिपोर्ट में दस्त और बेहोशी से मौत होने की बात कही गई है। साथ ही हल्का बुखार और उल्टी की बात भी शामिल हैं।

मामले में दिल्ली की राजस्व मंत्री आतिशी ने राजस्व विभाग को मजिस्ट्रेट जांच करने और 48 घंटे के भीतर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है।

आतिशी ने कहा कि शेल्टर होम में जुलाई में 14 मरीजों की मौत एक गंभीर मामला है। मृतकों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। कुछ मरीजों को अन्य बीमारियां भी थीं। घटना की मजिस्ट्रेट जांच की शुरुआती रिपोर्ट 24 घंटे में आ जाएगी। यदि किसी की लापरवाही पाई जाती है, तो उसे बख्शा नहीं जाएगा।

आतिशी ने कहा कि शेल्टर होम में अलग-अलग कैटेगरी के मानसिक रूप से कमजोर लोग भर्ती हैं। उन्हें अन्य बीमारियां भी हैं। कुछ मरीज ऐसे भी होते हैं जिन्हें 24 घंटे देखभाल की जरूरत होती है शेल्टर होम में 980 मरीज हैं, जिनकी देखभाल के लिए 450 वर्कर्स तीन शिफ्ट में काम करते हैं। मरने वालों में से 13 वयस्क और एक नाबालिग है।

## मध्य प्रदेश में बड़े स्तर पर आईएएस अधिकारियों के तबादले

### मोहम्मद सुलेमान को स्वास्थ्य विभाग से हटाया



**भोपाल।** राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारियों के नवीन पदस्थापना आदेश जारी किए है। इसमें अतिरिक्त मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव स्तर के अधिकारी शामिल है। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी स्वास्थ्य विभाग के एसीएस मोहम्मद सुलेमान को हटा कर उनको कृषि उत्पादन आयुक्त बनाया गया है।

मध्य प्रदेश की डॉ. मोहन सरकार ने शुक्रवार को 10 वरिष्ठ अधिकारियों के नवीनपदस्थापना आदेश जारी किए। इसमें अतिरिक्त मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव स्तर के अधिकारी शामिल है। 1989 बैच के आईएएस अधिकारी और लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग तथा प्रवासी भारतीय विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव 1989 बैच के आईएएस अधिकारी मोहम्मद सुलेमान को कृषि उत्पादन आयुक्त बनाया गया है।

वहीं, कृषि उत्पादन आयुक्त तथा परिवहन विभाग का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे 1990 बैच के आईएएस अधिकारी और अतिरिक्त मुख्य सचिव एसएन मिश्रा को गृह विभाग का एसीएस बनाया गया है। परिवहन विभाग का अतिरिक्त प्रभार यथावत रखा है। उच्च शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव और अपर मुख्य सचिव संसदीय कार्य विभाग का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे 1992 बैच के आईएएस अधिकारी केसी गुप्ता को लोक निर्माण विभाग का अपर मुख्य सचिव और संसदीय कार्य विभाग का प्रभार यथावत रखा है। गृह विभाग के प्रमुख सचिव 1993 बैच के आईएएस अधिकारी संजय दुबे को प्रमुख सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी बनाया गया है। आयुष विभाग तथा लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग के प्रमुख सचिव तथा राज्य परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनी भोपाल का प्रबंध संचालक का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे 1993 बैच के आईएएस अनिरुद्ध मुकर्जी को मध्य प्रदेश भवन नई में विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी बनाया गया है। सहकारिता विभाग की प्रमुख सचिव 1994 बैच की आईएएस अधिकारी दीपाली रस्तोगी को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का प्रमुख सचिव बनाया गया। लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव 1996 बैच के आईएएस डीपी आहूजा को मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास विभाग, आयुष विभाग, लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग का प्रमुख सचिव और मत्स्य महासंघ का प्रबंध संचालक और राज्य परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनी के प्रबंध संचालक का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव और खाद्य सुरक्षा विभाग के आयुक्त 2000 बैच के आईएएस अधिकारी विवेक पोरवाल को राजस्व विभाग का प्रमुख सचिव और राहत आयुक्त एवं पुर्वास आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

# आशा कार्यकर्ताओं ने सरई उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

## कहा हमारी मांग पूर्ण नहीं होने पर हम करेंगे आमरण अनशन

### हर माह 3 लाख से ज्यादा के बीसीएम से देवसर की आशाएं परेशान

### कहा-पूर्व में बीएमओ से नहीं, बिना रुपये नहीं देते मानदेय व इंसेंटिव, बजट नहीं होने का बनाते हैं बहाना

**सिंगरौली।** स्वास्थ्य विभाग मानदेय से पांच सौ, एक हजार रुपये सहित इंसेंटिव में भी हिस्सेदारी बटाने को लेकर देवसर बीसीएम के खिलाफ आशा कार्य कर्ताओं ने खोला मोर्चा। सरई सेक्टर की आशाओं का यह है आरोप, दो दिन से बिना चाय-नाश्ता और भोजन के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरई में पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने का लिया प्रशिक्षण

**बिना पानी-भोजन के पल्स पोलियो की ट्रेनिंग**

देवसर ब्लॉक क्षेत्र में कुल 346 आशा कार्यकर्ताओं की तैनाती है। जिनमें से 46 सरई सेक्टर के विभिन क्षेत्रों में कार्य करती हैं। भीखा झरिया क्षेत्र की आशा कार्यकर्ता सीता सिंह ने कहा कि इंसेंटिव जारी करने के लिए प्रति आशा 5 हजार की मांग की जाती है। जब तक रुपये नहीं मिलते तब तक राशि नही जारी करते। यही हाल मानदेय जारी करने का भी है। आशाओं को 6 हजार मासिक मानदेय मिलता है। जिसमें हजार-पांच सौ रुपये लेने के बाद मानदेय दिया जाता है। वहीं छिनहट-गन्नई वार्ड की आशा कार्यकर्ता केश कुमारी ने बताया कि उनके खाते में 66 हजार भेजे गए थे। जिसमें से 20 हजार मांगे गए। मई का इंसेंटिव 19 हजार बना था उसमें 12 हजार रुपये दिए। दुधमनिया उपसेक्टर की आशा फूल कुमारी सिंह ने बताया कि दूसरे का पैसा उनके खाते में भेज 13 हजार 500 लिए गए।

देवसर क्षेत्र के सरई सेक्टर की आशा कार्यकर्ताओं ने मानदेय और कार्य आधारित इंसेंटिव देने से पूर्व रुपये की वसूली को लेकर बीसीएम देवसर के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। पल्स पोलियो अभियान सफल बनाने के लिए सरई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर जारी प्रशिक्षण के क्रम में गुरुवार को पहुंची आशा कार्यकर्ताओं ने बीसीएम राजेश शाह पर मानदेय व इंसेंटिव में हिस्सा लेने नाहक परेशान करने का आरोप लगाया। कहा कि इस संबंध में पहले भी बीएमओ देवसर डॉ. सीएल सिंह से शिकायत की गई थी। लेकिन आज तक न तो कार्रवाई की गई न उन्हें हटाया गया। कहा कि जब तक रुपये नहीं मिल जाते तब तक मासिक मानदेय व इंसेंटिव की राशि नहीं करते। मांगने पर कहते हैं कि बजट नहीं है। वहीं पैसा मिलने पर बजट रहता है। पर्यवेक्षक डॉ.रामायण शुक्ला ने भी कहा कि आशाओं की पूरी उपस्थिति भेजने के बाद भी उनके मानदेय मैं कटौती कर दी जाती है।

**बिना पैसे लिए किसी को मानदेय इंसेंटिव नहीं**

पर्यवेक्षक डॉ. रामायण शुक्ला ने बताया कि कई आशा कार्यकर्ताओं से तो फोन पे के माध्यम से पैसे लिए गए हैं। आशाओं से बिना हजार-पांच सौ रुपये लिए मानदेय नहीं दिया जाता। बीसीएम का जिन पर जोर नहीं चलता केवल वही पैसे नहीं देते। अन्यथा सभी के मानदेव से हजार-पांच सौ रुपये और इंसेंटिव से भी पांच हजार रुपये ले लिए जाते हैं। बताया कि 22 हजार रुपये मानदेव पाने वाले बीसीएम की तीन बोलेरो गाड़ियां कंपनियों में अटैच हैं। जो अनैतिक कमाई की देन हैं। बताया कि आशा कार्यकर्ताओं ने कई बार बीएमओ से शिकायत की पर जांच या कार्रवाई नहीं की गई। वहीं 151 की गई शिकायत भी कटा देते हैं।

**आशाओं का रजिस्टर भी अपने पास रख लेते**

आशाओं ने बताया कि ग्राम आरोग्य समिति को साल में दस हजार रुपये मिलते हैं। उससे बैठक में पानी-चाय, दरी, रजिस्टर सहित अन्य सामग्री क्रय की जाती है। उसमें से भी पैसे की मांग की जाती है। एक तारीख को मानदेय देना चाहिए पर ऐसा नहीं होता। पर्यवेक्षक डॉ. रामायण शुक्ला ने बताया कि दो दिन से सर्व सीएचसी पर पल्स पोलियो अभियान की ट्रेनिंग चल रही है। लेकिन चाय-नाश्ता और भोजन तो छोडिए, एक गिलास पानी तक की व्यवस्था नहीं की गई है।

देवसर की 346 आशाओं को 6 हजार एवं 25 आशा सहयोगिनी को 9500 रुपये मासिक मानदेय मिलता है। आशाओं से 500 व हजार रुपये ले लिए जाते हैं। इसके अलावा ग्राम रजिस्टर, टीकाकरण रजिस्टर, सर्वे रजिस्टर, कैश रजिस्टर आशाओं से लेकर कई दिन अपने पास रखे रहते हैं। सीबीएमओ, सीएमएचओ, कलेक्टर को भेजे शिकायत पत्र में आशाओं ने कहा है कि बीसीएम राजेश शाह सरई सेक्टर की सभी कार्यकर्ताओं के बाउचर एवं मानदेय में कटौती कर लेते हैं। माह में समय पर भुगतान नहीं करते। दो-तीन माह में एक बार भुगतान करते हैं। मार्च का भुगतान नहीं किया है। बीसीएम से इंसेंटिव की राशि के बारे में पूछती हैं तो आशा के पद से हटाने की धमकी देते हैं। महिला समझकर उन्हें प्रताड़ित करने के साथ ही अभद्रता करते हैं। ऐसे में निवेदन है कि इन सभी बिंदुओं की जांच कराकर उन्हें भुगतान करायें व बीसीएम राजेश शाह को देवसर ब्लॉक से हटाया जाए।

# पत्नी की पत्थर-इंटे से पीट कर हत्या करने वाले पति को मोरवा पुलिस ने झिंगुरदा के जंगल से घेराबंदी का किया गिरफ्तार

सिंगरौली




आज सुबह करीब 2 बजे थाना मोरवा में सूचना मिली कि पंजरेह बस्ती में एक महिला को काफी चोट है। सर में तथा उसका पति मारकर फरार हो गया है। जिस पर पुलिस ने घायल महिला को तत्काल अस्पताल मोरवा में भर्ती कराकर आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया। महिला की हालत खराब होने पर उसे ट्रामा सेंटर बैढ़न रिफर किया गया।

जहाँ घायल ज्ञानमती कोल उम्र 26 वर्ष की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। जिस पर थाना मोरवा में पूर्व से दर्ज धारा 296, 115, 351(2), में 103(1), बीएनएस का इजाफा कर फरार पति की तलाश की जाने लगी। एसपी निवेदिता गुप्ता के दिशा निर्देश पर थाना प्रभारी मोरवा ने अलग-अलग टीम बनाकर आरोपी के घर के पीछे घने जंगलो में आरोपी के होने की सूचना पर घनी सर्चिंग की जाने लगी। आरोपी इतना शातिर था कि पकड़ने के डर से मोबाईल भी घर पर छोड़कर भागा था। अंततः पुलिस टीम ने घनी झाड़ियों जंगलो से आरोपी पति को कड़ी मशक्कत कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी अनुज कुमार ऊर्फ पारस कोल पिता चन्द्रभूषण कोल उम्र 28 वर्ष निवासी खनहना हाल पंजरेह से पूछतांछ करने पर पत्नी के चरित्र पर शक करने और बिना बताए छुपाकर मोबाईल रखने के कारण पत्नी की हत्या करना बताया। आरोपी से हत्या में प्रयुक्त हथियार जप्त कर न्यायालय पेश किया गया है। उक्त कार्रवाई में उप निरी ज्ञानेन्द्र पटेल, रामनरेश शुक्ला, सउनि डीएन सिंह , प्रवीण भरावी, संजीत सिंह चौहान, प्रआर संजय सिंह परिहार, अजीत सिंह, सुबोध तोमर, आर ऋषि सिंह, सुरेश परस्ते की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# डीईओ ने विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण

**सिंगरौली ।** जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोयलखूंथ एवं माड़ा का आज दिन शुक्रवार को जिला शिक्षा एसबी सिंह ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



ज्ञात हो कि कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला ने विद्यालयों का सतत निरीक्षण करने के लिए जांच टीम गठित किया है और डीईओ तथा डीपीसी को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जिसके तहत आज जिला शिक्षा अधिकारी ने समय प्रातः 10:30 पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोयलखूंथ एवं समय 11:25 पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माड़ा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संस्था संचालित पाई गई। सभी शिक्षक अपने कक्ष में पढ़ाते हुए पाए गए। निरीक्षण के दौरान बच्चों की उत्तर पुस्तिका का अवलोकन किया गया। साथ ही शिक्षकों को निर्देशित किया गया कि बच्चों की उत्तर पुस्तिका का प्रतिदिन निरीक्षण किया जाए एवं संबंधित विषय शिक्षक उत्तर पुस्तिका में अपने हस्ताक्षर करते हुए दिनांक अंकित करें। शिक्षक डायरी का निरीक्षण किया गया। जिन शिक्षको ने शिक्षक डायरी नहीं बनाई गई उन्हें फटकार लगाते हुए दो दिवस के अंदर शिक्षक डायरी बनाने के लिए निर्देशित किया गया। कक्षाओं में यह देखा गया की शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार अध्यापन कार्य किया जा रहा है अथवा नहीं।

# अगस्त में राशन नहीं लेने पर पोर्टल से हटेगा नाम

**सिंगरौली।** म.प्र. खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय के आदेशानुसार 6 माह से राशन प्राप्त न करने वाले उपभोक्ताओं को पोर्टल से हटाने का आदेश शासन ने जारी किया है। जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी पीसी चन्द्रवंशी ने बताया कि खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता सरंक्षण संचालनालय ने प्राप्त आदेशानुसार एनएफएस अंतर्गत शामिल पात्र परिवारों में जिन परिवारों ने 6 माह जनवरी से जून में उचित मूल्य की दुकानों से निरंतर राशन प्राप्त नहीं किया गया। उन हितग्राहियों की सूची उचित मूल्य दुकानों पर चस्पा की गई। हितग्राही उचित मूल्य की दुकानों से नियमित रूप से राशन प्राप्त कर लें। यदि इन हितग्राहियों ने अगस्त माह में भी राशन नहीं लिया है तो ऐसे परिवार को आगामी माह से अस्थाई रूप से पोर्टल से हटा दिया जाएगा।

# एनटीपीसी में क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक हाइड्रो एवं परियोजना निगरानी एनटीपीसी लिमिटेड का दौरा

**सिंगरौली।** एसएन त्रिपाठी क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक हाइड्रो एवं परियोजना निगरानी एनटीपीसी लिमिटेड ने 31 जुलाई व 1 अगस्त को एनटीपीसी सिंगरौली के आगामी स्टेज-3 प्लांट के प्रगति कार्य का निरीक्षण किया।

तत्पश्चात उन्होंने ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में स्टेज-3 प्लांट के यूनिट-1 के बॉयलर फाउंडेशन कार्य की भी नीव रखी तथा विद्युत गृह के पुराने सेंट्रल स्टोर, स्टेज-1 ट्रैक हौपर, स्टेज- 2 एफजीडी न्यू पीईबी, यूनिट 1 व 6 कंट्रोल रूम एवं स्टील यार्ड का भी दौरा किया।



इस अवसर पर उन्होंने सभी एनटीपीसी तथा बीएचईएल के विभागाध्यक्षों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक में विद्युत गृह के कामकाज की गहन समीक्षा करते हुए भारत सरकार की विद्युत प्राथमिकताओं के अनुसार गुणात्मक भावी कार्य योजना तथा स्टेज-3 से संबन्धित सभी कार्य के सुरक्षित तथा समय से निष्पादन करने के लिए उचित दिशा निर्देश भी दिए। अपने सम्बोधन में उन्होंने एनटीपीसी लिमिटेड के प्रमुख एजेंडे पर भी प्रकाश डाला। एसएन त्रिपाठी ने संबन्धित प्रोजेक्ट के कार्य को सफलता पूर्वक पूर्ण करने के लिए संक्षिप्त रूप से बताते हुए कहा की सभी स्टेज- 3 प्रोजेक्ट पर काम करने वाले बीएचईएल के श्रमिकों के लिए उपयुक्त सेफ्टी ट्रेनिंग प्रोग्राम अन्य लाउडस्पीकर द्वारा घोषणा की व्यवस्था कराई जाए।



# ऑल इंडिया लेवल पर टीआईएसएस में 7वीं रैंक हासिल कर जसीम ने किया प्रदेश को गौरवांवित

**सिंगरौली।** जिले में आये दिन यहां के बच्चे बड़े- बड़े लेवल पर संघर्ष कर कॉम्पटीशन कर बड़ी कामयाबी हासिल कर जिले और प्रदेश को गौरवांवित कर रहे हैं । बैढ़न शहर के निवासी तुल्लान शेख के बेटे जसीम शेख ने भी टीआईएसएस में 7वीं रैंक हासिल कर बड़ी कामयाबी हासिल की है। जिससे बड़ी संख्या में जसीम शेख के निवास पर बधाई देने पहुंच रहे हैं । जसीम शेख की इस कामयाबी पर मुस्लिम समाज ने भी एक सम्मान समारोह का आयोजन मध्यप्रदेश हज कमेटी मेम्बर जम्मू बेग की मौजूदगी में किया गया। जिसमें चयनित छात्र और उनके पिता का फूल मालाओं से स्वागत कर मिठाइयां खिलाई गयी । स्वागत समारोह में हाजी मुबारक हुसैन, खान ठेकेदार, नेता रियाज खान, मो. इम्तियाज खान रिटायर्ड अधिकारी, मो. यूसुफ सिद्दीकी, लाला सिद्दीकी अन्य सहित लोगों ने स्वागत करते हुए उज्वल भविष्य के लिए दुआएं की ।

# जिले में ड्रोन तकनीक के माध्यम से तेजी से वनीकरण, आजीविका सीडबॉल प्रसारण पहल का शुभारंभ

**सिंगरौली ।** मध्यप्रदेश जिले के पहाड़ी क्षेत्रों में तेजी से वनीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एग्रीचिकित्सा ने विकसित ड्रोन तकनीक का उपयोग कर एक महत्वाकांक्षी पहल का शुभारंभ किया गया है। राज्य मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास राधा सिंह, जिले के डीएम चंद्रशेखर शुक्ला और जिले के सीईओ गजेंद्र सिंह नागेश ने ग्राम सकेति ब्लॉक चितरंगी में इस पहल का उद्घाटन 12 जुलाई को किया गया था। इस पहल के अंतर्गत मानसून ऋतु में जिले के तीन ब्लॉकों बैढ़न, देवसर और चितरंगी के कुल 19 स्थानों पर 2,00,000 सीडबॉल का प्रसारण ड्रोन के माध्यम से किया जाना है। अब तक बैढ़न जनपद के 6 ग्राम पंचायतों के पहाड़ों में 65,000 सीडबॉल सफलतापूर्वक फेंके जा चुके हैं। पिपराझापी ग्राम पंचायत में 15,000, खैराही ग्राम पंचायत में 10,000, विहारा ग्राम पंचायत में 10,000, हटका में 10,000, मलगो में 10,000 और सुहिरा में 10,000 सीडबॉल प्रसारित किए गए हैं।



# नामातंरण के निराकरण प्रदेश में प्रथम स्थान एवं वटनवारा में जिला 5वें स्थान पर

सिंगरौली

प्रदेश सरकार के मंशानुसार आम नागरिको की राजस्व से संबंधित प्रकरणों का शत प्रतिशत निराकरण किये जाने के लिए राजस्व महाअभियान चलाया जाकर लंबित सीमांकन, नामांतरण, वटनवारा, केवाईसी, नक्शा तरमीम के प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है। यह अभियान 31 अगस्त तक चलाया जाकर लंबित प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा।



18 जुलाई से चलायें जा रहे राजस्व अभियान के प्रगति की 2 अगस्त तक की रैकिंग में सिंगरौली जिला नामांतरण के लंबित प्रकरणों के निराकरण शत प्रतिशत कर प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। वही वटनवारा के प्रकरणों के निराकरण में प्रदेश में 5वां स्थान पर है। नामांतरण के प्रकरणों का शत प्रतिशत निराकरण किये जाने पर कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला ने प्रशन्नता जाहिर करते हुये राजस्व महाअभियान में लगे हुये सभी उपखण्ड अधिकारियों, तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों, राजस्व निरीक्षक, हल्का पटवारियों के साथ-साथ इस अभियान में लगे हुये अन्य विभाग के पंचायत एवं ग्रामीण विकास के लगे हुये अधिकारियों-कर्मचारियों को बधाई देते हुये निर्देश दिये है कि जिस तरह से नामांतरण के प्रकरणों का निराकरण किया गया है। उसी तरह महाअभियान के दौरान वटनवारा, नक्शा तरमीम, समग्र, ई-केवाईसी सहित महाअभियान में अंकित सभी बिंदुओ का पालन करते हुये लंबित प्रकरणों का शत प्रतिशत निराकरण कर जिले को प्रदेश में अब्बल लाये।

# सेवा निवृत्ति समारोह में शुभ कामनाएं देते हिंडालको के शीर्ष अधिकारी

### पीआरओ जीएस तिवारी हिंडाल्को से सेवानवृत्त हुए

### कार्य कुशलता और मृदु व्यवहार के चलते थे सबके चहेते

फोटो :- 8

सिंगरौली । रेनू पावर डिवीजन के अत्यंत सफल जनसंपर्क अधिकारी जीएस तिवारी सेवानिवृत्ति हो चुके हैं। गुरुवार को विभिन्न लोगों ने उन्हें कार्यकाल पूरा होने पर बधाई दी। हिंडालको रेनू सागर में भी एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें रिटायर्ड हुए श्री तिवारी को उनके शानदार कार्यकाल के लिए बधाई दी गई और अग्रिम जीवन की शुभकामनाएं दी गई। यूनिट हेड आरपी सिंह एचआर हेड शैलेश विक्रम सिंह सहित अन्य विभाग के उच्च अधिकारियों ने उनके कार्यकाल को सराहा। बताते चले की श्री तिवारी ने अपने प्रोफेशन की शुरुआत एक पत्रकार के रूप में की थी। 90 के दशक में आज अखबार में एक पत्रकार के रूप में उन्होंने अपने कलाम की धार से सबको परिचित कराया। कलाम की ताकत से उन्होंने पूर्वांचल में कई समस्याओं का निराकरण कराया। जनता की समस्याओं को कलाम के माध्यम से उन्होंने उच्च अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को रूबरू करके उसका निदान कराया। 1998 में उन्होंने आज अखबार से त्यागपत्र देकर हिंडालको रेनू सागर में नौकरी ज्वाइन किया। जल्द ही उनके काबिलियत को पहचान कर प्रबंधन ने उन्हें जनसंपर्क अधिकारी का दायित्व भी सौंप दिया। चूकि पत्रकार के रूप में दशकों का अनुभव उन्हें था ही ऐसे में उन्हें बेहतरीन जनसंपर्क अधिकारी बनने से कौन रोक सकता था। अपने मृदभाषिता, कार्य कौशल और अन्य खूबियों के चलते वह पत्रकारों में काफी लोकप्रिय बन गए। ऊर्जानगरी के तमाम परियोजनाओं के जनसंपर्क अधिकारियों को श्री तिवारी ने अपने लोकप्रियता से काफी पीछे छोड़ दिया। अखिलेश भटनागर, अतुल शाह, संजय द्विवेदी, आरपी सिंह, चंद्रमौलि मिश्रा, अशोक तिवारी, गजेंद्र गुप्ता अन्य पत्रकारों ने उनके कार्य को सराहते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। यूनिट हेड आरपी सिंह, एचआर हेड शैलेश विक्रम सिंह, मृदुल भारद्वाज, प्रणव सोनी, कैप्टन रोहित देव फराशी, सतनाम सिंह, अशोक द्विवेदी, मुकेश कुमार श्रीवास्तव, केसी ब्यौरा, जेएल मौर्य, सोमनाथ ओझा, राजाराम सिंह तमाम लोगो ने शुभकामना दी।



# कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञान सिंह के पिता की प्रथम पुण्यतिथि पर हुआ श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

सीधी

जिला कांग्रेस कमेटी सीधी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह के पिता स्वर्गीय दिवाकर सिंह की प्रथम पुण्यतिथि पर उनके निज निवास बघवारी सीधी में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया इस मौके पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष विधायक चुरहट अजय सिंह राहुल भैया पूर्व विधायक केदारनाथ शुक्ला सिंगरौली जिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञानेंद्र द्विवेदी कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष चिंतामणि तिवारी पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष आनंद सिंह पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह बाबा वरिष्ठ कांग्रेस नेता भारत सिंह नगर पालिका उपाध्यक्ष दान बहादुर सिंह भाजपा के जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष इंद्रशरण सिंह भाजपा के वरिष्ठ नेता बृजेंद्र मिश्रा भाजपा उपाध्यक्ष श्री मती अंजू पाठक भाजपानेत्री पूनम सोनी जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह भदौरिया भाजपा नेता रामजी सिंह बघेल वरिष्ठ कांग्रेस उपाध्यक्ष विनोद वर्मा कांग्रेस उपाध्यक्ष आनंद सिंह शेर कांग्रेस उपाध्यक्ष आकाश सिंह रिंकू कांग्रेस उपाध्यक्ष पार्षद विनोद मिश्रा कांग्रेस कोषाध्यक्ष रजनीश श्रीवास्तव कांग्रेस



महामंत्री नवीन सिंह भूपेंद्र सिंह वरिष्ठ कांग्रेस नेता विनय सिंह परिहार महामंत्री ओंकार सिंह कांग्रेस प्रवक्ता आकाश राज पाण्डेय प्रवक्ता पंकज सिंह सहित जिले के गणमान्य नागरिक पार्टी के पदाधिकारी और परिजनों ने अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की श्रद्धांजलि सभा में पंजाब के आमंत्रित संतों गुरमीत सिंह ज्ञानी सतनाम सिंह सुनील सिंह और साथियों ने गुरुवाणी भजन-कीर्तन गायन किया। सभा का संचालन डॉ राजकरण शुक्ला सरस द्वारा किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह में अपने पिताजी की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित करने पधारे सभी अतिथियों का हृदय से आभार ज्ञापित करते हुए कृतज्ञता व्यक्त की।

## पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने ज्ञान द्वारा पिता की पुण्यतिथि पर स्मृति में प्रदत्त दूसरे अस्थि कलश वाहन को लोकार्पित कर दी श्रद्धांजलि

**सीधी।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष विधायक चुरहट अजय सिंह राहुल भैया ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञान सिंह द्वारा अपने पिता स्वर्गीय दिवाकर सिंह जी की प्रथम पुण्यतिथि पर उनकी स्मृति में जिले वासियों के लिए प्रदत्त दूसरे अस्थि कलश वाहन को हरी झंडी दिखाकर लोकार्पित किया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह द्वारा पूर्व में भी जिले वासियों की सेवा में एक अस्थि कलश



वाहन दिया गया है जो लोगों की सेवा में लगा हुआ है अस्थि कलश वाहन को लोकार्पित करते हुए पूर्व नेता प्रतिपक्ष चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल ने कहा कि कांग्रेस जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने अपने पिताजी की स्मृति में अस्थि विसर्जन के लिए निशुल्क वाहन सुविधा उपलब्ध कराने की पहल पूर्व में ही की थी पूर्व से एक वाहन जनता की सेवा में लगा हुआ है आज उनके द्वारा अपने पिता की पुण्यतिथि पर दूसरे वाहन को भी जनता की सेवा में समर्पित किया जा रहा है मानव सेवा गरीबों की सेवा सबसे पुण्य कार्य होता है ऐसे लोग जो अपने दिवंगत परिजनों की अस्थि को मां गंगा की गोद में प्रवाहित करना चाहते हैं और उन्हें आर्थिक समस्याओं से गुजरना पड़ता है ऐसे लोगों की सेवा में ज्ञान सिंह ने आगे आकर बहुत पुण्य पहल की है उन्होंने यह पुण्य कार्य करके अपने पिता जी के नाम को अमर कर दिया। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को इस सुविधा का लाभ प्राप्त हो इसी अपेक्षा के साथ में आशा करता हूं समाज के और अग्रणी व्यक्ति इसका अनुसरण कर मानव सेवा के लिए आगे आएंगे।

# जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के विरूद्ध लोकायुक्त में प्रकरण दर्ज

**सीधी।** भ्रष्टाचार एवं पद के दुरूपयोग को लेकर जिला पंचायत के सीधी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री राहुल नामदेव धोटे के विरूद्ध प्रकरण क्रमांक/116/ई/2024 लोकायुक्त संगठन में दर्ज कर विकास आयुक्त भोपाल से दिनांक 29.08.2024 तक प्रतिवेदन मांगा गया है। तत्सम्बन्ध में शिकायतकर्ता वरिष्ठ अधिवक्ता एवं एक्टविस्ट वीरेन्द्र सिंह परिहार ने बताया है कि कुल 05 बिन्दुओं की शिकायत लोकायुक्त संगठन को प्रेषित की गई थी। जिसमें प्रमुख रूप से स्टेनो/टायपिस्ट श्री ओम प्रकाश चौबे को माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के विरूद्ध निलम्बन से बहाली और 4 लाख रूपये अग्रिम प्रदान करना है। ए.पी.ओ. श्री भूपेन्द्र पाण्डे को जो मूलत: शिक्षक है को न्यायालय का बहाना बनाकर नियम विरूद्ध ढंग से सातवाँ वेतनमान प्रदान करना, जबकि उच्च न्यायालय का कोई ऐसा आदेश नहीं है। श्री पाण्डे द्वारा कलेक्ट्रेट में भू-अर्जन में काम करने और जिला पंचायत को कोई सूचना न होने पर भी वेतन प्रदाय करना। श्री भूपेन्द्र पाण्डे के विरूद्ध दसों करोड़ का मध्यान्ह भोजन में घोटाला करने और आयुकत रीवा द्वारा जाँच में शिकायत को सही पाये जाने तथा पंचायत राज्य संचालनालय द्वारा दिनांक 08.04.2022 को श्री पाण्डे के विरूद्ध कार्यवाही के लिये निर्देशित किये जाने के विपरीत कोई कार्यवाही न करना। अभिषेक कलर लैब को 11 लाख रूपये का अनियमित एवं फर्जी भुगतान करना, गुरूकुल कन्या उच्चतर विद्यालय सेमरिया को अवैध ढ़ंग से 7वें वेतनमान का लाभ देना इत्यादि हैं। श्री परिहार का यह भी कहना है कि अभी श्री धोटे विरूद्ध और भी गम्भीर प्रकरण है, जो सीघ्र ही सामने आयेंगे। इसके साथ ही श्री परिहार द्वारा श्री धोटे के विरूद्ध ओम प्रकाश चौबे के प्रकरण में माननीय उच्च न्यायालय में अवमानना याचिका भी प्रस्तुत की गई है जो बतौर सी.ओ.एन.सी. 2239 विचाराधीन है।

## जिला अस्पताल में मनाया गया विश्व स्तनपान दिवस

**सीधी।** जिला अस्पताल सीधी में विश्व स्तनपान दिवस मनाया गया जिसमें सिविल सर्जन डॉ. दीपारानी इसरानी, डॉ. सुनीता तिवारी डीपीएम, एसएनसीयू इंचार्ज डॉ. देवेश द्विवेदी, डॉ. आशीष भारती, डॉ. शोभा वर्मा एवं इंचार्ज प्रसव कक्ष एसएनसीयू इंचार्ज, मैट्रन, एमएच कॉर्डिनेटर नर्सिंग ऑफिसर द्वारा यह सप्ताह की शुरुआत की गई। सप्ताह के दूसरे दिन रंगोली बनाकर एवं सभी



के द्वारा ब्रेस्टफीडिंग सर्टिफिकेट का वितरण किया गया। सभी माताओं को विश्व स्तनपान दिवस की महत्व को समझाया गया। सभी नर्सिंग ऑफिसर के द्वारा इस सप्ताह का अभिवादन किया गया। सप्ताह के दूसरे दिन की शुरुआत रंगोली एवं शुभ गीतों के साथ की गई।

# रोजगार मेले का आयोजन विकासखण्ड स्तर पर 05 अगस्त से

**सीधी।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राहुल धोटे ने जानकारी देकर बताया है कि बेरोजगार युवकों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से म.प्र. डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन कार्यालय सीधी में कैपिटल प्रोटेक्शन फोर्स प्रा.लि. हैदराबाद द्वारा रोजगार मेले का आयोजन विकासखण्ड/पंचायतवार किया जा रहा है। सुरक्षा जवान के लिए निर्धारित योग्यता (08वीं पास या फेल, लंबाई 165.5 सेमी, उम्र 20-35 वर्ष) सुपरवाईजर के लिए योग्यता (स्नातक व एनसीसी सी सर्टिफिकेट, लंबाई 172 सेमी., उम्र 30-40 वर्ष) है। उन्होंने बताया कि जनपद परिसर सीधी में दिनांक 05.08.2024 को, जनपद परिसर सिहावल में दिनांक 06.08.2024 को, जनपद परिसर मझौली में दिनांक 07.08.2024 को, जनपद परिसर कुसमी में दिनांक 08.08.2024 को एवं जनपद परिसर रामपुर नैकिन में दिनांक 09.08.2024 को समय प्रात: 11 बजे से शायं 05 बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा। उन्होंने निर्देशित किया है कि रोजगार मेलों का प्रचार-प्रसार समस्त म.प्र. डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के प्रभारी विकासखण्ड प्रबंधक अपने कार्य क्षेत्र अन्तर्गत समस्त ग्राम पंचायत/ग्राम स्तर पर रोजगार मेला स्थान उपलब्ध कराते हुए आवश्यक सहयोग प्रदाय करना सुनिश्चित करें। अधिक जानकारी के लिए भर्ती अधिकारी प्रवेश कुमार पाण्डेय मो.नं.- 6264664537 पर संपर्क कर सकते है।

## स्वतंत्रता दिवस की तैयारी बैठक 05 अगस्त को

**सीधी।** अपर कलेक्टर ने जानकारी देकर बताया है कि गत वर्षो की भाँति इस वर्ष भी 15 अगस्त 2024 स्वतंत्रता दिवस पुलिस परेड ग्राउण्ड सीधी में मनाया जाना है जिसकी पूर्व तैयारी/व्यवस्था के संबंध में दिनांक 05.08.2024 को टी.एल. मीटिंग के बाद कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई है। उक्त बैठक में समस्त कार्यालय प्रमुख नियत दिनांक एवं स्थान पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

# स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर रही पोषण सखियां

**सीधी।** सीधी जिले के संकुल बरीगंवा के ग्राम मधुगांव की अर्चना सिंह चौहान पोषण सखी के रूप में कार्य कर रही है। वह समूह ग्राम संगठन के माध्यम से गांव-गांव में महिलाओं को खाद्य, पोषण और स्वच्छता के बारे में जागरूक करती हैं। उन्होंने बताया कि समूह की बैठक में ग्राम चक्र कमर्जी की पूनम दीदी से मुलाकात हुई। वह सात माह की गर्भवती थी। एफएनएचडब्ल्यू के प्रशिक्षण में उन्हें आयरन और कैल्शियम की गोली, पोषाहार पालक हरी सब्जी और समय-समय पर टीकाकरण



कराने की सलाह दी। पूनम दीदी ने आयरन और कैल्शियम की गोली नहीं खाने की अपनी समस्या के बारे में बताया। ऐसे में उन्हें खट्टे फलों को खाने की सलाह दी गई और नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से आयरन की दवा लगाई गई। सतत निगरानी से पूनम दीदी का प्रसव शासकीय चिकित्सालय में कराया गया। जच्चा और बच्चा दोनों एकदम स्वस्थ हैं।

सुरक्षित डिलीवरी पर पूनम दीदी के परिजनों ने कहा कि मिशन से जु?कर स्वास्थ्य के विषय में अच्छी जानकारी प्राप्त हो रही है। एफएनएचडब्ल्यू प्रशिक्षण पोषण सखी द्वारा दी गई जानकारी और सलाह के कारण पूनम दीदी और उनके परिवार को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना प?ा जिससे वह बहुत ही प्रसन्न हैं।

## पद्म पुरस्कार हेतु आवेदन आमंत्रित, अंतिम तिथि 10 सितंबर

**सीधी।** अपर जिला मजिस्ट्रेट ने जानकारी देकर बताया है कि जिला स्तर से पद्म पुरस्कार वर्ष 2024 हेतु प्रतिभागियों का चयन कर उनके नामंकन एवं आवश्यक दस्तावेज गृह विभाग के ऑनलाइन पोर्टल पर प्रेषित किया जाना है जिसके संबंध में कार्यालयीन आदेश दिनांक 02.07.2024 के द्वारा जिला स्तरीय चयन समिति का गठन किया गया है।

पद्म पुरस्कार वर्ष 2024 हेतु जो कोई भी व्यक्ति नामांकन करना चाहते हैं वो निर्धारित प्रारूप में आवेदन भरकर एवं आवश्यक दस्तवेज के साथ कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सीधी (आर.डी.एम.) शाखा में दिनांक 10 सितम्बर 2024 तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

# पुरानी शिकायतों का अभियान चलाकर निराकरण करायें: कलेक्टर

सीधी

सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों का अभियान चलाकर निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की नियमित समीक्षा करें। शिकायतकर्ता से संपर्क कर शिकायत की वास्तविक स्थिति के आधार पर गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करायें। कोई भी शिकायत अन-अटेंडेड नहीं रहनी चाहिए तथा निम्न गुणवत्ता से बंद शिकायतों की संख्या न्यून होनी चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि विभाग प्रमुख शिकायतों की स्वयं निगरानी रखें तथा शिकायतों की संख्या के आधार पर आवश्यक प्रक्रियात्मक सुधार करें जिससे शिकायतों की संख्या में कमी आए।

लोक सेवा गारंटी अधिनियम अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने आवेदनों को समय-सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही समय सीमा बध्य प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों पर जुर्माना अधिरोपित करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने समय-सीमा पत्रों पर निर्धारित समयावधि में समस्त कार्यवाहियां पूर्ण कर विलोपित कराने के निर्देश दिए हैं।

पीएम जनमन अभियान की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने बैगा जनजाति के हितग्राहियों को पात्रतानुसार सभी योजनओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए हैं।

उनके जाति प्रमाण-पत्र, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड बनाने तथा बैंक खाते प्राथमिकता पर खोलने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने सहायक आयुक्त को संबंधित विभागों से समन्वय कर लक्ष्य की प्राप्ति के निर्देश दिए हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में सर्पवंश की बढ़ रही घटनाओं के दृष्टिगत आवश्यक दवाईयों की प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही सभी बसाहटों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी पेयजल स्त्रोतों की जांच कर क्लोरीन की दवाइयां डालने के निर्देश दिए गए हैं।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राहुल धोटे, अपर कलेक्टर राजेश शाही, उपखण्ड अधिकारी मझौली आरपी त्रिपाठी, चुरहट शैलेष द्विवेदी सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

## स्वयं विद्यालय में न पढ़ाकर दूसरे व्यक्ति से यदि पढ़वाते है तो होगी कार्यवाही

**सिंगरौली।** कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने हेतु शैक्षणिक संत्र के प्रारंभ होने से ही विशेष पहल की जा रही है कलेक्टर के संज्ञान में इस आशय की जानकारी प्राप्त हुई है कि कुछ ऐसे शिक्षक है जिनकी पदस्थापना विद्यालयों में हुई है किंतु शैक्षणिक कार्य न कर दूसरे व्यावसाय धंधे में लगे हुये है तथा अपने स्थान पर दूसरे व्यक्ति को पढ़ाने हेतु विद्यालयों में भेज रहे है। इस पर कार्यवाही करने हेतु कलेक्टर श्री शुक्ला के द्वारा एक नई पहल की गई है ऐसे कृत्य करने वाले शिक्षकों का जो भी व्यक्ति नाम बतायेंगा तथा जाँच उपरान्त सही पाये जाने पर संबंधित को रूपयें 5 हजार से पुरूस्कृत किया जायेगा।

## अतिरिक्त संचालक ने किया प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस सीधी का आकस्मिक निरीक्षण

**सीधी।** डॉ. आर पी सिंह अतिरिक्त संचालक रीवा एवं शहडोल संभाग उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन ने दिनांक 2 अगस्त 2024 को प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस संजय गांधी स्मृति



शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी के आकस्मिक निरीक्षण के लिए उपस्थित हुए। डॉ. सिंह ने महाविद्यालय में स्नातकोत्तर कक्षा की संचालित हो रही परीक्षा का कक्ष बार निरीक्षण किया तथा सुव्यवस्थित ढंग से परीक्षा संचालित करने के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य एवं परीक्षा अधीक्षक की तारीफ की। भ्रमण के समय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी के सिंह एवं परीक्षा अधीक्षक डॉ. रामनारायण स्वर्णकार भी उपस्थित थे।

# बच्चों को मध्यान भोजन में दिया जाए पौष्टिक आहार: चंद्र शेखर

सिंगरौली

कलेक्टर चंद्र शेखर शुक्ला के द्वारा अपने चितरंगी भ्रमण के दौरान प्राथमिक पाठशाला बसानिया एवं पूर्व माधियामिक विद्यालय गुलरिया का औचक रूप से निरीक्षण कर बच्चो से पाठ्य पुस्तक गणवेश वितरण सहित मध्यान भोजन की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को मिलने वाले मध्यान भोजन के गुणवत्ता आदि की जानकारी लेने के साथ ही विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति की जानकारी लेने के पश्चात संबंधित विद्यालयों के प्रधाना अध्यापको कों निर्देश दिए कि बच्चो को दिए जाने वाले मध्यान भोजन पौष्टिक एवं गुणवत्ता पूर्ण रहे। शिक्षक विद्यालयों में समय पर उपस्थित रह कर पठन पाठान कराये। विद्यालय में अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों पर काठोर कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर ने मध्यान भोजन बनने वाले समूहों की महिलाओं से मिलने वाले पारिश्रमिक की जानकारी ली। उन्होंने विद्यालय में बच्चों को दिये जाने वाले मीनू दाल चावल तथा सब्जी के गुणवंत्ता की जॉच की। तथा निर्देश दिये कि बच्चो प्रति दिवस मीनू के अनुसार को गुणवत्ता युक्त मध्यान भोजन दिया जायें।

# टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना एवं भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना का अनुसूचित जनजाति वर्ग के हितग्राहियों को मिलेगा लाभ

**सिंगरौली।** सहायक आयुक्त जन जाति कार्य विभाग ने बताया कि म.प्र. आदिवासी वित एवं विकास निगम,भोपाल की संचालित योजनांतर्गत जिला शाखा सिंगरौली द्वारा निम्नानुसार टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना एवं भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजनांतर्गत अनुसूचित जनजाति वर्ग के पात्रताधारी आवेदक जो स्वयं का व्यवसाय स्थापित करना चाहत है उनके आवेदन आमंत्रित किये जाते है। योजना एवं पात्रता की शर्ते निम्नानुसार है। उन्होंने बताया कि टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजनांतर्गत सभी प्रकार के स्वरोजगार हेतु राशि रूपये दस हजार से एक लाख होगी। तथा वित्तीय सहायत के रूप में ब्याज अनुदान योजनांतर्गत अनुसूचित जनजाति वर्ग के हितग्राहियों को बैंक द्वारा वितरित पर प्रतिवर्ष 7 प्रतिशत की दर से ब्याज अनुदान अधिकतम 5 वर्षो तक नियमित ऋण भुगतान करने पर दिया जाएगा। आवेदक अनुसूचित जनजाति का व्यक्ति हो इस हेतु उसे सक्षम राजस्व अधिकारी का जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगां ।

आवेदक जिले का मूल निवासी हो तथा उसकी उम्र 18 से 55 वर्ष के मध्य हो । साथ ही वह आयकर दाता न हो । योजनांतर्गत आवेदन अशिक्षित शिक्षित व्यक्ति दोनो के द्वारा किया जा सकता है वही भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार (नवीन योजना) योजनांतर्गत अनुसूचित जनजाति वर्ग के हितग्राहियों को नवीन उद्यमों की स्थापना हेतु कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। योजना अनुसार न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता कक्षा 8 वीं उत्तीर्ण रखी गया है। सहायक आयुक्त जिला संयोजक शाखा प्रबंधक, म.प्र. आदिवासी वित्त एवं विकास निगम एवं महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के माध्यम से योजना का संचालन कराया जावेगा ।

उन्होंने बताया कि योजना का आवेदक म.प्र. का मूल निवासी एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग का सदस्य हो आयुक्त जन जाति कार्य विभाग ने बताया कि आवेदक की आयु 18 से 45 वर्ष के मध्य हों साथ ही आवेदक किसी भी राष्ट्रीकृत बैंक , वित्तीय संस्था ,सहकारी बैंक का चूककर्ता अशोधी डिफाल्टर नही होना चाहिए । यह योजना उद्योग, सेवा , व्यवसाय क्षेत्र के लिये होगी। योजना अंतर्गत उद्योग विनिर्माण ईकाई के लिये राशि रूपये 1 लाख से 50 लाख तक की परियोजनाएं साथ ही सेवा (सर्विस) ईकाई एवं खुदरा व्यवसाय (रिटेल ट्रेड) हेतु रूपये एक लाख से 25 लाख तक की परियोजनाएं योजनांतर्गत अनुसूचित जनजाति वर्ग के हितग्राहियों को बैंक द्वारा वितरित शेष ऋण पर प्रतिवर्ष 5 प्रतिशत अथवा वास्तविक जो भी कम हो की दर से ब्याज अनुदान अधिकतम 7 वर्षो तक मोरेटोरियम अवधि सहित नियमित रूप से ऋण भुगतान निर्धारित समय एवं राशि की शर्त पर निगम द्वारा दिया जायेगा ।

## मोरवा पुलिस ने बालिका को छत्तीसगढ़ उड़ीसा बॉर्डर से दस्तयाब कर परिजनों को किया सुपुर्द

### आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सिंगरौली।** म.प्र. शासन व पुलिस मुख्यालय द्वारा भोपाल द्वारा महिलाओ व बच्चो के विरुद्ध होने वाली घटनाओ में शीघ्र एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु आवश्यक निर्देश प्रसारित किए गए है, जिसको दृष्टिगत रखते हुये पुलिस अधीक्षक सिंगरौली श्रीमती निवेदिता गुप्ता द्वारा दिये गये निर्देशो के पालन में जिला स्तरीय विशेष अभियान आपरेशन मुस्कान किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशो के पालन में शिव कुमार वर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला सिंगरौली, केके पाण्डेय एसडीओपी मोरवा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मोरवा निरीक्षक कपूर त्रिपाठी की सतत् निगरानी में बालिका को दस्तयाब किया।बीते 22 जुलाई को 17 वर्षीय बालिका के परिजन ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उनकी बालिका को एक लड़का बहला फुसला कर कहीं ले गया जिस पर तत्काल अप0क0-572/24 धारा 137(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर अपहृता एवं आरोपी की तलाश की जाने लगी। मुखबिर की सूचना एवं अन्य जरिए से बालिका सहित आरोपी को छत्तीसगढ़ की ओर जाने की सूचना पर टीम रवाना हुई जिस टीम ने बालिका को छत्तीसगढ़ उडीसा बार्डर से दस्तयाब किया गया है।

## संपादकीय

### जंगी माहौल से दुनिया में चिंता

इजरायल की आक्रामकता का नया सिलसिला फिर चर्चा में है और इसके साथ ही पश्चिम एशिया के देशों में चिंता की नई लहर दौड़ गई है। पहले लेबनान के बेरूत में आतंकी संगठन हिजबुल्लाह के कमांडर फउद का अंत कर दिया गया और उसके बाद ईरान के तेहरान में आतंकी संगठन हमास के नेता इस्माइल हनियेह की हत्या कर दी गई। बुधवार शाम तक एक ही हत्या की जिम्मेदारी इजरायल की ओर से ली गई। ईरान में हुई सनसनीखेज हत्या विश्व राजनय के लिए ज्यादा गंभीर मामला है। इसमें कोई दोराय नहीं कि इजरायल घोषित रूप से हमास और अन्य आतंकी संगठनों को समाप्त कर देना चाहता है, पर उसके तरीके को लेकर विवाद बढ़ सकता है। हिजबुल्लाह के कमांडर का तो इजरायल ने सीधे अपराध भी गिना दिया है। उसे इजरायल में 12 बच्चों की हत्या के लिए दोषी ठहराया गया है। फिलहाल, खासकर इस्माइल हनियेह की हत्या इसलिए ज्यादा मायने रखती है, क्योंकि वह युद्धविराम की बातचीत में शामिल थे। गाजा को लेकर पहले ही भयंकर विवाद चल रहा है और पिछले कुछ दिनों से इजरायल व लेबनान में संघर्ष की स्थिति बढ़ गई है। ऐसे में, लेबनान में इजरायल द्वारा की गई कार्रवाई से जंगी माहौल को ही बल मिलेगा।गौर करने वाली बात है कि हमास भले ही एक आतंकी संगठन हो, पर पश्चिम एशिया के देशों में उसे अलग नजरिये से देखने वाले बहुत हैं। तभी तो हमास ने अपने नेता की मौत पर शोक व्यक्त करते हुए उनको शहीद बताया है। इस्माइल चूंकि नए ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान के शपथ समारोह में भाग लेने गए थे, इसलिए ईरान में भी बहुत नाराजगी है। पश्चिम एशिया में आज एक बड़ा सवाल है कि क्या ईरान इजरायल पर हमलावर हो सकता है? वैसे तो इजरायल के प्रति पश्चिम एशिया के देशों में बहुत हद तक नफरत का भाव है, पर इजरायल अपने दुश्मनों पर इक्कीस साबित होता रहा है। पश्चिम एशिया के देश रह-रहकर अपना गुस्सा प्रकट करते हैं, पर सीधे इजरायल से लड़ना उनके लिए आसान नहीं है। इजरायल ने यह एहसास उन सभी देशों को करा दिया है कि खुली जंग किसी के लिए भी खतरे से खाली नहीं है। आज जिस तरह की स्थिति पश्चिम एशिया में है, साफ तौर पर यह कहना मुश्किल है कि कौन पूरी तरह सही है और कौन पूरी तरह गलत। इजरायल अपने दुश्मनों के प्रति जरूरत से ज्यादा आक्रामक है, तो इसके पीछे शायद उसके अपने पुराने अनुभव हैं।

# राजेन्द्र शुक्ल यानि कि विजन,मिशन और एक्शन !

-जयराम शुक्ल

सपने देखना और उसे यथार्थ के धरातल पर उतारकर मूर्त रूप देना, राजनीति में यह दुर्लभ गुण और पुरुषार्थ किसी में देखना है तो राजेन्द्र शुक्ल के अतिरिक्त विरले ही राजनेता ढूंढे मिलेंगे। एक युवावय विधायक से उप मुख्यमंत्री पद तक की यात्रा के पीछे यदि सबसे महत्वपूर्ण कारक है तो मेरी समझ में यही है।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की भाजपा में जिस धैर्य, विनम्रता और सर्व समावेशी, सर्वस्पर्शी दृष्टि की अपेक्षा की जाती है श्री शुक्ल इस कसौटी पर खरे उतरते हैं। एक बार की घटना का मुझे ध्यान है। मध्यप्रदेश भवन में कैलाश विजयवर्गीय(तब भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष) अपने मित्रों से राजेन्द्र जी का परिचय दे रहे थे कि ये %लो प्रोफाइल में रहने वाले मध्यप्रदेश के बड़े कद के नेता हैं, मुझसे भी बड़े। यह विजयवर्गीय जी का बड़प्पन और स्नेह था, वे जो कह रहे थे उसका भाव कदाचित चने के झाड़ में चढ़ाने वाला नहीं था।

2013 के विधानसभा चुनाव हुए तब राजेन्द्र शुक्ल प्रदेश के ऊर्जा मंत्री थे। तब एक बड़ा मुद्दा था बिजली का। स्थिति कुछ ऐसी थी कि सरकार और संगठन की बैठकों में सिर्फ एक बात उठती - यदि हम चौबीसों घंटे बिजली नहीं दे पाए तो क्षेत्र में जाकर वोट मांगना मुश्किल होगा। हम लोगों ने बिजली को लेकर कांग्रेस का बहुत मजाक बनाया है यदि व्यवस्था ठीक न हुई तो हम सब मजाक बन जाएंगे।

मध्यप्रदेश में बिजली की व्यवस्था को दुरुस्त करने की चुनौती ऊर्जा मंत्री के तौरपर राजेन्द्र शुक्ल को मिली। चौबीस घंटे बिजली देने की योजना पर काम हुआ और इस मिशन का नाम दिया गया अटल ज्योति योजना। उन दिनों मध्यप्रदेश में निजी बिजली घरों में काम चल रहे थे और सरकारी क्षेत्र के बिजली घरों की उत्पादन क्षमता सीमित थी। बिजली का कैसे प्रबंध हुआ यह राजेन्द्र शुक्ल और उनके ऊर्जा विशेषज्ञों की टीम जाने लेकिन मध्यप्रदेश के लोगों ने रोशनी का मोल जाना। सिंचाई के लिए खेतों में पंप निर्बाध गति से हरहराते रहे। बच्चों की पढ़ाई में बिजली बाधा नहीं बनी, गर्मी और उमस रात की नींद हराम न कर सकी।

2013 के विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत के पीछे लाड़ली लक्ष्मी की कृपा तो रही ही लेकिन शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में अटल ज्योति योजना ने पंख लगा दिए। इस उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने ऊर्जा मंत्री के तौर पर राजेन्द्र शुक्ल को दिल्ली बुलाकर सम्मानित किया। और मीडिया के मित्रों को सिहोर के शेरपुर का वह किसान सम्मेलन भी ध्यान में होगा जब प्रधानमंत्री ने ऊर्जा क्षेत्र में मध्यप्रदेश की उपलब्धियों का बखान करते हुए कहा था कि आज हम गर्व के साथ कह सकते हैं कि ऊर्जा प्रबंधन के मामले में मध्यप्रदेश गुजरात से आगे निकल गया। विनय की प्रतिमूर्ति राजेन्द्र जी ने इसका श्रेय मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान और ऊर्जा विभाग की कर्मठ टीम को दिया।

मुझे ध्यान है, एक बार देश के मंत्रियों के प्रतिनिधिमंडल में राजेन्द्र शुक्ल जर्मनी गए। डेस्टिनेशन में यूरोप के की अन्य देश भी थे। लौटने पर मैंने उनसे यूरोप यात्रा के संस्मरण और अनुभव जानने चाहे। मुझे उम्मीद थी कि वे स्विट्जरलैंड, फिनलैंड की आबोहवा, पेरिस के एफिल टावर या जर्मनी



3 अगस्त को जन्मदिन पर विशेष

के बर्लिन की साफ-सुथरी सड़कों, अल्पस पर्वत के सैर-सपाटे पर कुछ दिलचस्प बताएंगे। पर ये क्या..? उन्होंने बिना वक्त गंवाए कहा- शुक्ला जी कमाल है इडिनबर्ग में बिजली की खेती होती है। बिजली की खेती..! लोग अपने घर की छतों में सोलर पैनल से बिजली पैदा करते हैं, जरूरत के अलावा उसे सरकार को बेंच देते हैं। उन्होंने मुझे नेट मीटरिंग के बारे में समझाते हुए कहां - विश्व का भविष्य अब सौर ऊर्जा पर ही है इसी दिशा में आगे बढ़ना होगा। दो महीने बाद पता चला कि रीवा के उजागर बदवाल पहाड़ और पठार की पंद्रह सौ से ज्यादा हेक्टेयर भूमि पर सौर ऊर्जा संयंत्र की तैयारी चल रही है। एक उपक्रम गठित हुआ रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर प्रोजेक्ट। और दो साल के भीतर जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसका वर्चुअल लोकार्पण किया तो हमने जाना कि यह विश्व के सबसे बड़े सोलर एनर्जी काम्प्लेक्स में से एक है। यहां साढ़े सात सौ मेगावाट बिजली पैदा होती है जो ग्रिड से होते हुए दिल्ली के मेट्रो तक पहुंचती है। रीवा अल्ट्रा मेगा की उत्पादित बिजली का टैरिफ विश्व में सबसे कम है, शायद डेढ़ रुपए की एक यूनिट। इसकी प्रोजेक्ट को लेकर एकबार पाकिस्तान की संसद में बहस हुई कि क्या भारत के रीवा में सूरज ज्यादा रोशनी देता है कि वे सस्ती बिजली बना रहे हैं और हम अबतक इसके बारे में सोच भी नहीं पाए।

राजेन्द्र शुक्ल ने समय समय पर वन, पर्यावरण, आवास, उद्योग, खनिज जैसे मंत्रालयों का दायित्व संभाला। जब जिस विभाग में रहे कर्मचारियों, अधिकारियों ने उसे स्वर्णकाल माना। एक जानकारी लोगों को शायद कम ही है। 2008 में ये वन मंत्री बने। तब पन्ना टाइगर रिजर्व बाघ विहीन हो चुका था। उन्होंने अधिकारियों से पूछा पन्ना को बाघों से कैसे आबाद किया जाए। और फिर उन्होंने नेशनल टाइगर कंजर्वेशन के समक्ष खुद की साख को दांव पर लगाते हुए कैप्टिव टाइगर्स को वाइल्ड बनाने की मंजूरी ली। पन्ना आज फिर बाघों से आबाद है। कैप्टिव को वाइल्ड बनाने की यह घटना विश्वभर के वन्य प्रेमियों के लिए विलक्षण है क्योंकि ऐसा पहली बार हुआ था। सफेद बाघ रीवा की पहचान रहा। 1976 में गोविंदगढ़ का आखिरी सफेद बाघ भी नहीं रहा। हम सब रीवा में सफेद बाघ का ख्याली पुलाव ही पकाते रहें। वन मंत्री रहते हुए विन्ध्य में एक बार फिर सफेद बाघ लाने की पहल की। आज मुकुन्दपुर के व्हाइट टाइगर सफारी का नाम दुनिया में है। राजेन्द्र जी ने जिन विभागों की कमान संभाली वहां अपनी छाप छोड़ी, नवाचार किए और इतिहास रचा।

2018 का चुनाव भाजपा के लिए संघातिक रहा। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बन गई। यह धैर्य और कार्यकर्ताओं को जोड़े रखने का समय था। पूरे प्रदेश में सिर्फ विन्ध्य ही ऐसा था जो भाजपा संगठन की रीढ़ बनकर तना रहा। 30 में से 24 सीटें भाजपा के खाते में आईं। स्वाभाविक तौर पर यहां के नेता राजेंद्र शुक्ल थे। उनके प्रभार के जिलों सिंगरौली, शहडोल व गृह जिले रीवा में भाजपा ने क्लीन स्वीप किया, मतलब कांग्रेस शून्य। दो साल बाद कांग्रेस की सरकार गिरी। शिवराज सिंह के नेतृत्व में भाजपा की सरकार गठित हुई। देशभर के राजनीतिक प्रेक्षक हैरत में रह गए कि राजेन्द्र शुक्ल को मंत्रिमंडल में नहीं लिया गया। यहां तक कि विपक्ष भी हतप्रभ सा रहा। राजेन्द्र शुक्ल अपनी चिर-परिचित विनम्रता के साथ रहे आए। पत्रकार जब पूछते तो उनका जवाब होता - बहुत रह लिया मंत्री, जिनकी वजह से सरकार बनी उनका मंत्री बनना ज्यादा जरूरी है। उल्टा पूछते - क्या विधायक की हैसियत किसी मंत्री से कम होती है? बहरहाल मीडिया और राजनीतिक लोगों को पता था कि ऐसा क्यों हुआ..? इस दुरभिसंधि के किरदार कौन लोग थे? खैर राजेन्द्र शुक्ल को कोई फर्क नहीं पड़ा और रीवा के लोगों को यह अहसास तक न हुआ कि वे मंत्री नहीं हैं।

2023 के चुनाव में भाजपा को मिली प्रचंड सफलता के पीछे भी विन्ध्यविजय है। पिछली बार से एक सीट ज्यादा 25 सीटों पर परचम लहरा। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को विन्ध्य के राजेन्द्र शुक्ल की महत्ता समझ आई। इस समझ के पीछे वे दो साल महत्वपूर्ण है जिन्हें राजेन्द्र जी ने धैर्यपूर्वक बिताए। जब मुख्यमंत्री पद पर मोहन यादव के साथ उप मुख्यमंत्री पद के लिए राजेन्द्र शुक्ल का नाम घोषित हुआ तो प्रदेश के लोगों को आश्चर्य नहीं हुआ, लगभग हर जुबान से यही निकला कि श्री शुक्ल डिजर्व करते हैं। राजेन्द्र शुक्ल आज प्रदेश के स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा मंत्री हैं। यह उत्कट सेवा का क्षेत्र है। छह महीने के भीतर ही %स्वस्थ्य प्रदेश स्वस्थ जन% का रोड मैप तैयार हो गया। 40000 से ज्यादा रिक्तियों पर भर्ती आरंभ। पंचायत स्तर तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचे इसके जतन शुरू। हर जिले में मेडिकल कालेज खुले युद्धस्तर पर काम सामने। राजेन्द्र शुक्ल 100 प्रतिशत परिणाम देने के लिए जूझते हैं, इसलिए आज उन्हें विजन, मिशन और एक्शन का पर्याय कहा जाता है।

राजेन्द्र जी की कर्मठता को भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने एक नजर में ही भांप लिया था। भाजपा के पितृ पुरुष कुशाभाऊ ठाकरे की एक्सरे वाली नजर इनपर पड़ी और पितृवत स्नेह व दुलार के साथ भाजपा में ले आए और 1998 में कांग्रेस के किले रीवा के रणांगन में उतार दिया। पहला चुनाव हारने के बाद उससे सबक लेकर 2004 से जो शुरूआत की वह निरंतर, निर्बाध जारी है। विन्ध्य में कई यशस्वी नेता हुए जिन्हें एक दूसरे की लकीर मिटाने के लिए भी जाना जाता है लेकिन राजेन्द्र शुक्ल इस राजनीति में बिल्कुल नासमझ हैं। न वे कोई लकीर मिटाते न खींचते बल्कि सपनों को यथार्थ के धरातल पर उतारने में यकीन करते हैं। उदाहरण सामने है- रीवा का हवाई अड्डा, सुपर स्पेशियलिटी, टाईगर सफारी, सोलर पार्क, फ्लाईओवर्स, विश्वस्तरीय टनल, पत्रकारिता का विश्वविद्यालय, स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स, इको पार्क और भी बहुत कुछ जो रीवा शहर को महानगर के कायांतरण के लिए अनिवार्य है। आधिकारिक तौर पर 3 अगस्त उनका जन्मदिन है..हम सबकी शुभेक्षा उनके यशस्वी जीवन के साथ है।

# शिव भक्त कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए अलग कांवड़ यात्रा मार्ग समय की मांग

(दीपक कुमार त्यागी)

वैसे भी देश व प्रदेश के नीति निर्माताओं को यह सोचना चाहिए कि दुनिया के सबसे प्राचीन धर्म 'सनातन धर्म' के करोड़ों अनुयायियों को हर वर्ष आने वाले श्रावण मास की कांवड़ यात्रा का पूरे वर्ष इंतजार रहता है। हालांकि बड़ी कांवड़ यात्रा वर्ष में दो बार पावन पर्व शिवरात्रि व महाशिवरात्रि पर हर वर्ष चलती है।

देश में हर वर्ष आयोजित होने वाली कांवड़ यात्रा के दौरान वर्ष दर वर्ष शिव भक्त कांवड़ियों व आम जनमानस के जान-माल की सुरक्षा करना अब तो पुलिस-प्रशासन के लिए एक बेहद ही जटिल कार्य बनता जा रहा है। हालांकि शिव भक्तों को सबसे ज्यादा खतरा कांवड़ियों के भेष में उनके बीच ही छिपकर बैठे हुए कुछ हुड़दंगियों व कुछ आपराधिक सोच वाले लोगों से है, क्योंकि इस तरह के चंद लोगों की देवाधिदेव भगवान महादेव के प्रति कोई आस्था श्रद्धा विश्वास नहीं होता है, बल्कि इन चंद लोगों का उद्देश्य तो केवल माहौल खराब के कांवड़ियों व आम जनमानस के जान-माल की सुरक्षा को खतरे में डालते हुए, अपना हित साधने का होता है। उन लोगों का उद्देश्य होता है कि शांतिपूर्ण ढंग से चल रही कांवड़ यात्रा में हंगामा करके समाज का माहौल खराब करके पूजनीय शिव भक्त कांवड़ियों के प्रति आम जनमानस के बीच नफ़रत के बीज बोएं। इसलिए ही यह चंद लोग देवाधिदेव भगवान शिवशंकर के सिद्धांतों पर अमल ना करके भूल से भी जरा सी कोई घटना हो जाने पर ही, उस व्यक्ति को माफ़ ना करके मारपीट करने, तोड़फोड़ व लोगों की जान लेने तक पर उतारू हो जाते हैं और सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि हर वर्ष ऐसे घटनाओं में अब बढ़ोतरी होती जा रही है। वैसे अगर हम पिछले कुछ वर्षों की घटनाओं पर ध्यान दें तो देश के विभिन्न हिस्सों से कांवड़ियों के भेष में आने वाले कुछ हुड़दंगियों का



उद्देश्य ही उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश का माहौल खराब करने का ही होता है। जो जहरीली मंशा इन राज्यों के पुलिस-प्रशासन व शिव भक्त कांवड़ियों की सतर्कता के चलते व भगवान भोलेनाथ के आशीर्वाद से हर वर्ष विफल हो जाती है।

वैसे भी देश व प्रदेश के नीति निर्माताओं को यह सोचना चाहिए कि दुनिया के सबसे प्राचीन धर्म 'सनातन धर्म' के करोड़ों अनुयायियों को हर वर्ष आने वाले श्रावण मास की कांवड़ यात्रा का पूरे वर्ष इंतजार रहता है। हालांकि बड़ी कांवड़ यात्रा वर्ष में दो बार पावन पर्व शिवरात्रि व महाशिवरात्रि पर हर वर्ष चलती है। लेकिन श्रावण मास भगवान शिव का अतिप्रिय होने के चलते भगवान भोलेनाथ के भक्त भक्ति भाव से ओत-प्रोत होकर के श्रावण मास में कांवड़ लेने अधिक संख्या में जाते हैं, यह स्थिति कांवड़ लाने वाले देश के हर क्षेत्र में रहती है। विशेषकर उत्तराखंड व पश्चिमी उत्तर प्रदेश में तो पवित्र श्रावण मास में करोड़ों की संख्या में शिव भक्त कांवड़िए सैंकड़ों किलोमीटर की पैदल यात्रा करके कांवड़ लाकर के भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करते हैं।

इस उद्देश्य से ही देश के विभिन्न हिस्सों में सनातन धर्म के करोड़ों अनुयाई देवाधिदेव भगवान महादेव के अतिप्रिय माह श्रावण मास के शुरू होते ही शिव भक्त कांवड़ लेकर अपने आराध्य भगवान शिव का जलाभिषेक करने निकल पड़ते हैं। इस दौरान उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश के बहुत सारे जिलों से रोज़ाना लाखों की संख्या में गुजरने वाली कांवड़ियों की सुरक्षा करना पुलिस प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बन जाता है। उत्तराखंड के गोमुख से लेकर के ऋषिकेश, हरिद्वार व उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर, बिजनौर, मेरठ, गाजियाबाद आदि में यूपी, दिल्ली हरियाणा, पंजाब व राजस्थान आदि राज्यों के कांवड़ियों को व्यस्त सड़क पर जल ले जाते समय सुरक्षा देने में इन राज्यों के पुलिस-प्रशासन को संसाधनों की पूरी ताकत झोंकनी पड़ती है और अगर जरा सी भी कोई घटना यात्रा मार्ग में घटित हो जाये तो सिस्टम व आम जनमानस दोनों के हाथ-पांव बुरी तरह से फूल जाते हैं। अलग-अलग राज्यों से रोज़ाना लाखों की संख्या में गंगाजल लेने के लिए पहुंच रहे पैदल व डाक कांवड़ियों की भारी भरकम भीड़ को देखते हुए ही उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश की बहुत सारी सड़कों, हाईवे आदि पर चलने वाले भारी वाहनों के ट्रैफिक को पूरी तरह से रोकर के डायवर्ट करना पड़ता है। वहीं लोकल के हल्के वाहनों के लिए भी एक लेन आने व एक लेन जाने की बनाकर ट्रैफिक का संचालन करना पड़ता है। जो स्थिति चौबिसों घंटे खड़े होकर के ड्यूटी देने वाले पुलिस-प्रशासन व उस क्षेत्र के आम जनमानस के लिए तो बेहद चुनौतीपूर्ण होती ही है। साथ ही वर्ष दर वर्ष तेजी से बढ़ते हुए हल्के वाहनों की संख्या के चलते कांवड़ यात्रा के दौरान वाहन दुर्घटनाओं में भी तेजी से इजाफा हो रहा है, जो कि शिव भक्त कांवड़ियों के साथ-साथ अन्य लोगों के जीवन को असमय लीलने का कारण बन रही है और कांवड़ यात्रा के दौरान आये दिन दंगा-फसाद होने का कारण भी बनने लगी है।

वैसे भी आज देश के हर व्यक्ति के हाथ में मोबाइल फोन होने के चलते कुछ लोगों की नासमझी से सोशल मीडिया पर एक ऐसा दौर चल रहा है जब एक छोटी सी बात का बतंगड़ चंद मिनटों में ही जाति-धर्म की आड़ में राजनीतिक रोटियां सेंकने वाले कुछ नेताओं व कुछ लोगों की कृपा से बन जाता है। इसलिए यह अब समय की मांग है कि उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड राज्य के हित में हर वर्ष होने वाली इस अद्भुत पावन कांवड़ यात्रा को शांति पूर्वक पूरे भक्तिपूर्ण व शिवमय माहौल में संपन्न करवाने के लिए कांवड़ लाने वाले भक्तों के लिए एक अलग कांवड़ यात्रा मार्ग को धरातल पर जल्द से जल्द मूर्त रूप देकर के भगवान शिव के भक्त कांवड़ियों की सुरक्षा को ओर मजबूत किया जाए। (लेखक अधिवक्ता, स्वतंत्र पत्रकार, स्तंभकार व राजनीतिक विश्लेषक)

## वर्ग पहेली 5450

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | |
| | ■ | 6 | | ■ | 7 | | ■ |
| 8 | 9 | | | 10 | ■ | ■ | 11 |
| 12 | | ■ | 13 | | 14 | 15 | |
| 16 | | 17 | ■ | 18 | | | |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ |
| ■ | ■ | 19 | 20 | | ■ | ■ | 21 |
| 22 | | | | ■ | 23 | | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 1957 को यह देश संयुक्त राष्ट्र संघ में शामिल हुआ (4)
4. संभवतः, कदाचित (3)
6. बांक, सूती धागा (2)
7. आदि पुरूष, निपुण, कुशल (2)
8. भारत में उर्दू शायरी के दिग्गज व फिल्मी गीतकार अखलाक मुहम्मद खान का यह उपनाम है (5)
12. विस्मृति, खता, त्रुटि (2)
13. जांच, तथ्यान्वेषण, गुप्तचरी (5)
16. परिपक्व होना, पीयूत होना (3)
18. दक्षिण पवन, चंदन, मलयानिल (4)
19. जो अदालतों में किसी ओर से बहस करे, एडवोकेट (3)
22. ऊंचे स्वर से बुलाना या आवाज देना (4)
23. यह देश हिमालय पर्वत के दक्षिण ढलान पर भारत और चीन के बीच स्थित है (3)

**संकेतः ऊपर से नीचे**

1. भारत के पेशेवर टेनिस खिलाड़ी जिसने अभिनेत्री लारा दत्ता से विवाह किया (6)
2. आखेट, मृगया (2)
3. आने-जाने का साधन, आमदरफ्त (4)
4. प्रसन्न, खुश, आनंदित, हर्षित (उर्दू)(2)
5. एक प्रकार के देवता जो कुबेर के सेवक और उसकी निधि के रक्षक कहे गए है (2)
9. ग्रीवी, कंठनली (3)
10. जिसके मन में करूणा का भाव हो, दयालु, कृपालु (5)
11. वायु द्वारा उत्पन्न (3)
14. आभूषण पेंच, मुंहासा, लौ स्तंभ (2)
15. डरपोक, असहासी, कातर, भीरू (3)
17. ख्याति प्राप्त, प्रसिद्ध, मशहूर, यशवान (उर्दू) (4)
20. दुश्मनी, अदावत, शत्रुता, बैर (2)
21. जड़, नींव, उत्पत्ति का हेतु, आधार (2)

### वर्ग पहेली 5449 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सिं | गा | पु | र | ■ | खा | ■ | का |
| दू | ना | ■ | वि | का | स | का | र्य |
| र | ■ | आ | सं | का | ■ | ल | क |
| दा | न | ■ | क | ■ | जौ | ■ | र्ता |
| नी | र | ■ | र | व | ■ | म | ■ |
| ■ | ■ | ■ | शु | क्र | गु | जा | र |
| ह | म | श | क्ल | ■ | जा | ल | ■ |
| व | म | क | ■ | ध | रा | ■ | ■ |

# कमजोरी को बनाया ताकत

(प्रणव प्रियदर्शी)

अंजलि अय्यर हालांकि पढ़ाई में शुरू से अच्छी थीं, लेकिन यह तथ्य उनके रास्ते की मुश्किलें कम नहीं कर सका। गाइडेंस की कमी इन बाधाओं को और कठिन बना देती थी। समाज में महिलाओं को लेकर जिस तरह के पूर्वाग्रह थे, उनसे कैसे निपटा जाए, यह सवाल तो बाद में आता, पहली चुनौती यह थी कि उन पूर्वाग्रहों को पूर्वाग्रह माना जाए, अपने आसपास के लोगों से मनवाया जाए। जब बाधाओं से बचना मुमकिन नहीं होता तो उनसे होकर गुजरना पड़ता है। यही अंजलि के साथ भी हुआ। जल्दी शादी मास्टर डिग्री हासिल करने की राह में आड़े आ गई। कार्यक्षेत्र में महिला विरोधी पूर्वाग्रहों के चलते जॉब बदलना भी आसान नहीं था।

मगर इन सबके बीच आगे बढ़ने का उनका संकल्प लगातार बना रहा। मां बनने के बाद दोबारा वर्कफोर्स में एंट्री लेना उनके लिए भी चैलेंजिग साबित हुआ। ऐसा काम चाहिए था जिसमें टाइमिंग फ्लेक्सिबल हो ताकि दोहरी जिम्मेदारी निभाई जा सके। यहां उन्होंने अपनी कमजोरी को ही ताकत बना लिया। बेटी की वजह से वर्फ फ्रंट पर जो चुनौतियां आ रही थीं, उनसे निपटने की ऊर्जा वह इस इच्छा से लेती रहीं कि उन्हें अपनी बेटी की नजर में रोल मॉडल बनना है। इसी जज्बे का परिणाम है कि अंजलि अय्यर आज ट्रेंडेंस में डायरेक्टर ऑफ इंजीनियरिंग की भूमिका में डेटा इंजीनियरिंग से लेकर प्रॉडक्ट इंजीनियरिंग, डेटा साइंस और क्लाउड में डिलीवरी लीडरशिप तक सबकी देखरेख कर रही हैं।

नई लड़कियों को सलाह देने में अंजलि बिल्कुल नहीं हिचकतीं। उन्हें पता है कि सही गाइडेंस की कमी कैसे अनजाने ही बड़े-बड़े अवसरों से वंचित कर देती है। उनके मुताबिक सबसे अहम है अपने शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य पर लगातार ध्यान

**मां बनने के बाद दोबारा वर्कफोर्स में एंट्री लेना उनके लिए भी चैलेंजिग साबित हुआ। ऐसा काम चाहिए था जिसमें टाइमिंग फ्लेक्सिबल हो ताकि दोहरी जिम्मेदारी निभाई जा सके। यहां उन्होंने अपनी कमजोरी को ही ताकत बना लिया। बेटी की वजह से वर्फ फ्रंट पर जो चुनौतियां आ रही थीं, उनसे निपटने की ऊर्जा वह इस इच्छा से लेती रहीं कि उन्हें अपनी बेटी की नजर में रोल मॉडल बनना है। इसी जज्बे का परिणाम है कि अंजलि अय्यर आज ट्रेंडेंस में डायरेक्टर ऑफ इंजीनियरिंग की भूमिका में डेटा इंजीनियरिंग से लेकर प्रॉडक्ट इंजीनियरिंग, डेटा साइंस और क्लाउड में डिलीवरी लीडरशिप तक सबकी देखरेख कर रही हैं।**

देना। वह रोज नियमित तौर पर जिम जाती हैं और वहां अच्छा-खासा वक्त बिताती हैं। इससे उन्हें काम से जुड़ी चुनौतियों और तनावों का सामना करने में मदद मिलती है। दूसरी बात यह कि बोल्ड और कॉन्फिडेंट रहना जितना जरूरी है उतना ही महत्वपूर्ण है खुद को तराशते रहना। असरदार विमिन लीडर्स की कहानियों में खुद को डुबो देना, उनका लिखा पढ़ना और उनसे बातचीत के मौके न गंवाना यह सब ग्रोथ में बड़ी भूमिका निभाता है।

## आज का राशिफल

### मेष

आज भाग्य का साथ मिलेगा और आपको हर कार्य में सफलता मिलेगी। आपका आर्थिक संकट दूर होगा और किस्मत आपका साथ देगी। काफी संघर्ष के बाद आज आपको परेशानियों से कुछ राहत मिलेगी। किसी कार्य के लिए आपको शहर से बाहर यात्रा पर जाना पड़ सकता है। आपको छोटे मोटे काम के लिए समय निकालना पड़ सकता है।

### वृषभ

आज दिन लाभ से भरा होगा और आपका मन शुभ कार्य में लगेगा। आपके घर में किसी शुभ कार्य का आयोजन हो सकता है। आपके धन में वृद्धि होगी और कार्य सफल होंगे। जीवन स्तर को सुधारने के लिए कुछ खास प्रयास कर सकते हैं। फिलहाल आपको स्थाई प्रयोग में आने वाली वस्तुओं की खरीद करनी चाहिए।

### मिथुन

आज आपका समय तेजी से आगे बढ़ने का है। आपकी अप्रत्याशित उन्नति को देखकर सभी हैरान होंगे और आपकी खुद की नजर भी अपनी उपलब्धियों पर लग सकती है। प्रगति की इस गति को स्थायी रखने से आपको लाभ होगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपकी प्रतिष्ठा को धक्का लग सकता है।

### कर्क

आज दिन काफी व्यस्तता में बीतेगा और आपको काफी दौड़भाग करनी पड़ेगी। आपकी मेहनत सफल होगी और आपको करियर में विशेष लाभ होगा। किसी प्रकार की उलझन और चिंता आपको परेशान कर सकती है। यदि सबकी सहमति हो जाए तो कहीं स्थान परिवर्तन का विचार बनाएं।

### सिंह

आज दिन चिंता फिक्र और परेशानी वाला रहेगा। आपको कारोबार में बिक्री न होने से चिंता परेशान करेगी। पिछले काफी दिनों से व्यवसाय नियमित नहीं है। अस्थिरता आपका पीछा नहीं छोड़ रही है। नौकरी व्यवसाय में यदि आप सुधार करना चाहते हैं तो आपको आलस्य और आराम का त्याग करना पड़ेगा।

### कन्या

आज दिन काफी बिजी रहेगा और आपको रोजाना से अधिक काम करना पड़ सकता है। आपको किसी प्रकार की अधिक भागदौड़ करनी पड़ेगी। तब जाकर आपको सफलता मिलेगी। आप अपने कार्य को उत्साहपूर्वक पूरा करें। कुछ समय बाद इससे भी बेहतरीन अनुबंध आपको प्राप्त होगा।

### तुला

आज दिन लाभ से भरा होगा और आप बिना वजह काफी परेशान रहेंगे। कुछ परेशान आपकी अपनी वजह से हो सकती हैं। सामाजिक और व्यवसायिक क्षेत्र में विरोधियों के कारण आपको परेशानी हो सकती है। आप अपने साहस और बुद्धिमानी से ही इन लोगों को पराजित कर सकते हैं। अपने काम पर ध्यान दें और किसी से फालतू की बात न करें।

### वृश्चिक

आज भाग्य साथ देगा और आपके सभी रुके कार्य पूर्ण होंगे। तनाव अपने ऊपर हावी न होने दें। आपकी कोई नवीन योजना सफल होगी और कारोबार में आपको लाभ होगा। पुराने झगड़े झंझटों से छुटकारा मिलेगा। अधिकारी वर्ग में सामंजस्य बढ़ेगा। निराशाजनक विचारों को मन में न आने दें। आपके लिए समय बहुत अनुकूल है।

### धनु

आज दिन सफलता से भरा होगा। आपको किसी नए संपर्क से लाभ मिलेगा। जो लोग रिसर्च और विज्ञान से जुड़े हैं उनका दिन नई योजनाएं बनाने में बीतेगा। रुका हुआ धन कठिनाई से मिलेगा, रोजमर्रा के कामों में कोताही न बरतें। व्यवसायिक उन्नति से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। आप जो भी कार्य करेंगे उसमें आपके लिए सफलता के संयोग बन रहे हैं।

### मकर

आज दिन सम्मान से भरा होगा और आपका दिन लाभ से भरा होगा। अगर आप किसी प्रकार की ट्रेडिंग करते हैं या फिर शेयर बाजार से जुड़े हैं तो आपको लाभ होगा। शुभ समाचार भी दिन भर प्राप्त होते रहेंगे। मित्रों में भी हास्य विनोद बढ़ेगा। व्यर्थ के झंझटों से बचे रहें और अपने काम को अधिक समय दें। धार्मिक स्थानों की यात्रा की भूमिका आज बन सकती है।

### कुंभ

आज दिन लाभ प्रदान करने वाला माना जा रहा है। उच्चाधिकारियों की घनिष्ठता से आपके कार्य सफल होंगे और आप अपने करियर मे आगे बढ़ पाएंगे। आयात निर्यात के व्यवसाय आरंभ का निर्णय भी आज हो सकता है। आध्यात्म और धर्म में आपकी रुचि बढ़ेगी और आपका मन काफी प्रसन्न रहगा। समय के सदुपयोग से आपका सितारा बुलंद होगा और आपकी किस्मत चमकेगी।

### मीन

आज करियर में सफलता मिलने के योग हैं और आपके लिए उन्नति के नए रास्ते खुलेंगे। अध्ययन और आध्यात्म में रुचि बढ़ेगी। विवादास्पद प्रकरण समाप्त होंगे। गुप्त शत्रु व ईर्ष्यालु साथियों से सावधान रहें। किसी को आज रुपया उधार न दें वापस नहीं मिलेगा। आपको आज बिजनस के मामले में कोई फैसला लेने से पहले विशेष रूप से सावधान रहने की जरूरत है।

## संक्षिप्त समाचार

### एनसीआर में तेज होगा बुजडोजर ऐक्शन, अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान ; अथॉरिटी ने जारी किए खसरा नंबर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अवैध निर्माण को ध्वस्त करने के लिए अब प्राधिकरण और जिला प्रशासन एकजुट होकर अभियान चलाएंगे। इसके लिए प्राधिकरण के सीईओ और जिलाधिकारी ने गुरुवार को अपनी टीम के साथ संयुक्त रूप से हाजीपुर, भंगेल, सलारपुर और बरौला में हुए अवैध निर्माणों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी मनीष वर्मा ने कहा कि प्राधिकरण और जिला प्रशासन अवैध निर्माण के खिलाफ एक संयुक्त अभियान चलाएंगे और उन्हें ध्वस्त करने के साथ ही निर्माण के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। बरौला में शत्रु संपत्ति की जमीनों पर जो अवैध निर्माण हुए हैं, उन्हें भी ध्वस्त कर जमीन को अपने कब्जे में लिया जाएगा। जो लोग अवैध निर्माण कर रहे हैं, उनके खिलाफ भूमाफिया घोषित करने के साथ ही अन्य कार्रवाई भी की जाएगी। डीएम ने हाजीपुर की विवादित इमारत भी देखी। हाजीपुर गांव के खसरा संख्या 412 की जमीन पर अवैध निर्माण के आरोप हैं। नोएडा प्राधिकरण का दावा है कि यह जमीन प्राधिकरण की अर्जित व कब्जा प्राप्त जमीन है। जिस पर अवैध निर्माण कर कई मंजिला इमारत खड़ी की गई है। इस इमारत के निर्माण को लेकर कुछ समय पहले खासा विवाद हुआ था। नोएडा प्राधिकरण की ओर से उन खसरा नंबरों की सूची भी जारी की गई, जिन पर अवैध निर्माण हो रहा है। प्राधिकरण के अनुसार सलारपुर गांव में खसरा नंबर 595, 596, 601 से 609, 723 से 752, 779 और 780 तथा भंगेल में खसरा संख्या 217, 221, 223, 225 और 226 पर अवैध निर्माण किया जा रहा था। इसके अलावा हाजीपुर में खसरा संख्या 412 पर अवैध निर्माण किया गया है। प्राधिकरण ने इन स्थानों पर संपत्ति न खरीदने की अपील की है।

### दिल्ली में ग्रेटर कैलाश के एक स्कूल को ईमेल भेजकर बम से उड़ाने की धमकी, सुरक्षा एजेंसियां चौकन्नी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के ग्रेटर कैलाश इलाके के एक स्कूल को धमकी भरा ईमेल मिला है। इस ईमेल में स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। दिल्ली पुलिस ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि ईमेल में लिखा है कि कल स्कूल में बम रखा गया था। हालांकि, अभी तक जांच में कुछ नहीं मिला है। अधिकारियों ने शुक्रवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि दक्षिणी दिल्ली के ग्रेटर कैलाश इलाके में स्थित एक प्राइवेट स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी वाला ईमेल मिला था। लेकिन गहन जांच के बाद यह अफवाह साबित हुई, क्योंकि स्कूल में कुछ भी संदिग्ध नहीं पाया गया। अधिकारियों ने बताया कि स्कूल को आधी रात के आसपास यह ईमेल भेजा गया था, जिसमें कहा गया था कि स्कूल परिसर में बम रखा गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि सूचना मिलने के बाद बम निरोधक दस्ता वहां पहुंचा और उन्होंने स्कूल परिसर की गहन जांच की, लेकिन वहां कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। उन्होंने बताया कि तलाश के लिए डॉग स्क्वॉड को भी तैनात किया गया था। अधिकारी ने कहा कि इस मामले की जांच जारी है। उन्होंने स्कूल परिसर में बम होने की धमकी को अफवाह करार दिया। इस संबंध में कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### 5 साल के बच्चे पर कुत्ते का हमला, जबड़े और मुंह को काट खाया ; एक महीने बाद मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पलवल के चांदहट थाना अंतर्गत गांव गुरवाडी में पागल कुत्ते के काटने से पांच वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। बच्चे को करीब एक महीने पहले एक कुत्ते ने काट लिया था। दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में उसका इलाज चला था। जानकारी के अनुसार गांव गुरवाडी निवासी राजू का पांच वर्षीय पुत्र कार्तिक नर्सरी कक्षा में पढ़ता था। 27 जून को कार्तिक को गांव में पागल कुत्ते ने काट लिया था। कुत्ते ने उसके जबड़े और मुंह पर काट खाया था। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। परिजन गंभीर हालात मे कार्तिक को लेकर जिला नागरिक अस्पताल गए। कुछ देर बाद ही कार्तिक के दादा बीरेंद्र को भी उसी कुत्ते न काट लिया। नागरिक अस्पताल में रेबीज के इंजेक्शन नहीं होने के चलते दोनों को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। सदरजंग अस्पताल में कार्तिक उपचार चला। उपचार पूरा कराने के बाद कार्तिक अपने घर पर आ गया था। घर आने के बाद बीती 30 जुलाई को कार्तिक को अचानक जबड़े में दर्द हुआ और उसे बुखार चढ़ गया। तबीयत बिगड़ने पर परिजन कार्तिक को लेकर शहर के निजी अस्पताल में गए, जहां कार्तिक की हालत गंभीर बताई गई। वह कार्तिक को लेकर दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल जाने लगे, लेकिन बीच रास्ते में ही कार्तिक ने दम तोड़ दिया। इसके बाद वह कार्तिक के शव को लेकर जिला नागरिक अस्पताल पहुंचे और शव का पोस्टमार्टम कराया। सरकार ने मंगलवार को संसद को बताया कि 2023 के दौरान कुत्तों के काटने के लगभग 30.5 लाख मामले सामने आए, जिससे 286 लोगों की मौत हो गई। मत्स्य, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में लोकसभा को बताया, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा लागू एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आईडीएसपी) में प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, 2023 के दौरान कुत्तों के काटने के कुल 30,43,339 मामले सामने आए।

# 3 करोड़ दूंगा जिससे...; कोचिंग हादसे में जान गंवाने वालों के नाम आप नेता का बड़ा ऐलान






**नई दिल्ली, एजेंसी।** आप सांसद संजय सिंह ने गुरुवार को राजेंद्र नगर में विरोध कर रहे यूपीएससी अभ्यर्थियों से मुलाकात की और कहा कि वह उन तीन छात्रों की याद में पुस्तकालय के निर्माण के लिए 3 करोड़ रुपये दान करेंगे, जिनकी सिविल सेवा कोचिंग सेंटर में पानी भर जाने से मौत हो गई थी। छात्रों के साथ बातचीत में आप नेता ने कहा कि दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम इस दुर्घटना के शिकार छात्रों के परिवारों को 10-10 लाख रुपये का मुआवजा देगी।

आप नेता ने कहा, मैं उन तीन छात्रों की याद में तीन लाइब्रेरी बनाने के लिए अपने एमपीलैड फंड से एक-एक करोड़ रुपये दूंगा। सरकार ने कोचिंग सेंटरों को विनियमित करने के लिए एक कानून बनाने का फैसला किया है, जिसमें छात्रों के सुझाव भी शामिल होंगे। बातचीत के दौरान छात्रों ने राऊ आईएएस स्टडी सर्कल में हुए इस हादसे के लिए जिम्मेदार वरिष्ठ अधिकारियों की जवाबदेही तय करने और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की। छात्रों की मांगों का एक-एक कर जवाब देते हुए राज्यसभा सांसद ने कहा कि कोचिंग सेंटर के मालिकों और सरकार को मिलकर एक कल्याण कोष बनाना चाहिए, ताकि जरूरत पड़ने पर छात्रों की मदद की जा सके। साथ ही छात्रों की शिकायतों को दूर करने और उनके समाधान के लिए एक स्थायी व्यवस्था बनाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि छात्रों के सुझाव सुनने के बाद दिल्ली सरकार दिल्ली में कोचिंग सेंटरों को विनियमित करने के लिए एक कानून बनाने जा रही है। उन्होंने कहा कि इसके लिए आदेश भी जारी कर दिया गया है। सिंह ने कहा कि इस कानून को बनाने की प्रक्रिया में 10 छात्र भी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इसका मसौदा तैयार किया जाएगा और जल्द ही इसे विधानसभा में पेश किया जाएगा। उन्होंने राजिंदर नगर घटना की सीसीटीवी फुटेज जारी करने की छात्रों की मांग को लेकर कहा कि एक कैबिनेट मंत्री ने भी ऐसा ही पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस यह फुटेज उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा, दिल्ली पुलिस आयुक्त या कोई भी पुलिस अधिकारी जो सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध करा सकते हैं, हम उनसे समय लेंगे और जो भी छात्र मेरे साथ आना चाहते हैं, वे मेरे साथ आ सकते हैं। हम उनसे इस घटना की फुटेज उपलब्ध कराने के लिए कहेंगे। सिंह ने कहा कि छात्रों ने चार लोगों को नौकरी देने की बात भी रखी। उन्होंने कहा, दिल्ली की सेवाएं एलजी के अधीन आती हैं। हमारे मंत्री ने इसके लिए एलजी को पत्र लिखा है। हम भी जाकर उनसे मिलेंगे, ताकि नौकरियों की यह मांग पूरी हो सके। राज्यसभा सांसद ने छात्रों द्वारा उठाई जा रही सार्वजनिक पुस्तकालय की मांग की घोषणा करते हुए कहा कि जैसे ही एमसीडी या डीडीए से जमीन उपलब्ध होगी, वह तीनों छात्रों की याद में अपनी सांसद निधि से एक-एक करोड़ रुपये खर्च करके तीन सार्वजनिक पुस्तकालय बनाएंगे। वहीं, छात्रों के मुआवजे की मांग पर उन्होंने कहा कि तीनों बच्चों के परिजनों को दिल्ली सरकार और एमसीडी की ओर से 10-10 लाख रुपये दिए जाएंगे। उन्होंने कहा, कोचिंग संस्थान की ओर से एक करोड़ रुपये के मुआवजे की मांग को एक महीने के भीतर पूरा करने का प्रयास किया जाएगा।

**विकास दिव्यकीर्ति ने दिखाया बड़ा दिल, कोचिंग हादसे पर कर दिए 2 बड़े ऐलान :** दिल्ली में कोचिंग हादसे पर चुप्पी की वजह से सवालों में घिरे विकास दिव्यकीर्ति ने पीड़ित स्टूडेंट्स की मदद के लिए दो बड़े ऐलान किए हैं। प्रतिक्रिया में देरी के लिए माफी मांग चुके विकास दिव्यकीर्ति ने एक तरफ जहां हादसे में जान गंवाने वाले स्टूडेंट्स के परिवारों की आर्थिक सहायता का ऐलान किया तो दूसरी तरफ इस कोचिंग के अन्य स्टूडेंट्स को मुफ्त क्लास देने की भी घोषणा की। विकास दिव्यकीर्ति के संस्थान दृष्टि आईएएस के आधिकारिक एक्स हैंडल से शुक्रवार को बयान जारी किया गया। इसमें विकास दिव्यकीर्ति की ओर से पीड़ित परिवारों और हादसे वाले कोचिंग संस्थान के स्टूडेंट्स की ओर मदद का हाथ बढ़ाया गया है।

## दिल्ली मेट्रो में ब्लाउज पहनकर आ गया लड़का



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली मेट्रो में रील्स बनाने का चलन बढ़ता ही जा रहा है। आए दिन रील बनाने वाले लड़के और लड़कियां मेट्रो के अंदर अजीब-अजीब हरकतें करते हुए दिखाई देते हैं। हाल ही में वायरल हुए वीडियो में तो एक लड़के ने हद ही कर दी। लड़का मेट्रो में ब्लाउज पहनकर आ गया। मेट्रो स्टेशन पर ब्लाउज पहनकर रैंप वॉक करने के दौरान लड़का अचानक डरकर भागने लगता है। अब उसका वीडयो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। लोग इस वीडियो पर कई तरह के कमेंट कर रहे हैं। दिल्ली मेट्रो में लड़के का ब्लाउज पहने हुए पहली बार वीडियो वायरल हो रहा है। इससे पहले रील बनाने वाले लड़के और लड़कियों की अजीब हरकतों के वीडियो अक्सर वायरल होते रहते हैं। हाल ही में एक वीडियो फिर से वायरल हो रहा है। इसमें काले रंग का ब्लाउज और काली पैंट पहने एक लड़का दिख रहा है। वीडियो में एक युवक दिल्ली मेट्रो से उतरने के बाद ब्लाउज में स्टेशन पर रैंप वॉक करने लगा। वॉक करने के दौरान स्टेशन सूनसान था। इतने में ब्लाउज पहने लड़के ने किसी के आने की आवाज सुनी और अचानक भागने लगा। भागने के बाद रील बनाने वाला लड़का छिप गया। दिल्ली मेट्रो में ब्लाउज पहनकर आए लड़के का वीडियो देख लोग तरह-तरह के कमेंट कर रहे हैं। ब्लाउज पहनकर दिल्ली मेट्रो में वीडियो बनाने और उसे सोशल मीडिया पर शेयर करने के बाद वायरल हो गया। वायरल होने के बाद लोग इस रील पर तरह-तरह के कमेंट करने लगे। पोस्ट पर कमेंट करते हुए एक यूजर ने लिखते हुए अपशब्द ना लिखने की अपील कि। इस दौरान कई कमेंट वीडियो बनाने वाले लड़के के खिलाफ ऐक्शन लेने की मांग वाले थे। इसमें कई कमेंट करने वाले यूजर युवक पर एफआईआर करने की भी मांग कर रहे हैं।

## दिल्ली के गोकलपुरी रोडरेज में महिला की हत्या के आरोपी का हुआ एनकाउंटर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली के गोकलपुरी में रोड रेज के दौरान एक महिला की हत्या के मामले में 28 वर्षीय आरोपी को शुक्रवार को एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान माजिद चौधरी के रूप में हुई है। गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी थी। इसके बाद पुलिस की जवाबी फायरिंग में आरोपी के दोनों पैरों में गोली लग गई। दिल्ली पुलिस ने बताया कि आरोपी के पास से एक 7.65 एमएम की पिस्तौल बरामद की गई है, जिसमें मैगजीन में 2 राउंड और चैंबर में 3 राउंड हैं। इसके अलावा, गांधी नगर के पुराने सीलमपुर इलाके से चोरी की गई एक मोटरसाइकिल भी बरामद की है। बता दें कि, 31 जुलाई को दिल्ली के गोकलपुरी इलाके में हुई रोड रेज की घटना एक महिला के लिए जानलेवा साबित हुई, क्योंकि बुधवार दोपहर को जब वह अपने पति के साथ बाइक पर जा रही थी, तभी माजिद चौधरी द्वारा उसे गोली मार दी गई। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान सिमरनजीत कौर (30) के रूप में हुई थी, जो अपने पति हीरा सिंह (40) के साथ मौजपुर की ओर जा रही थी। वारदात से पहले गोकलपुरी फ्लाईओवर के पास दोपहिया वाहन सवार एक व्यक्ति के साथ हीरा सिंह की कहासुनी हो गई थी क्योंकि उनके वाहन एक-दूसरे से टकराने वाले थे।

## लाडले के लिए स्कूल ड्रेस लेने घर से निकली थी मां, मौत के बाद भी गोद में ही मिला शव


तनुजा और प्रियांश। फाइल फोटो

**नई दिल्ली, एजेंसी।** तीन साल का प्रियांश 1 अगस्त को पहली बार स्कूल जाता। उसके लिए सभी जरूरी चीजें आ चुकी थीं। कमी थी तो बस एक स्कूल ड्रेस की। मां तनुजा वही ड्रेस लेने के लिए प्रियांश को संग लेकर बाजार जाने निकली थी। लेकिन, अब प्रियांश की सभी चीजें फिजूल हैं और उसके नन्हे कदम स्कूल में कभी नहीं पड़ेंगे, क्योंकि दिल्ली के जानलेवा जलभराव ने मां-बेटे के सपनों के साथ उनकी जिंदगी को भी लील लिया। पीड़ित परिवार के करण बिष्ट ने इस दिल झकझोर देने वाली जानकारी दी। उन्होंने कहा, तनुजा मेरी भाभी हैं। प्रियांश का हाल ही में पास के एक स्कूल में दाखिला हुआ था और वह उसके लिए ड्रेस खरीदने बाजार गई थी क्योंकि 1 अगस्त से उसका स्कूल शुरू होना था। प्रियांश को गोद में लिए थी तनुजा - पूर्वी दिल्ली के गाजीपुर इलाके के पास खोड़ा कॉलोनी में जहां तनुजा और प्रियांश बुधवार को नाले में फिसले, वहां से कुछ मीटर की दूरी पर बचाव कर्मियों ने उनके शवों को बरामद किया। तब भी तनुजा अपनी गोद में प्रियांश को लिए हुए थी। करण बिष्ट ने कहा कि जब उन्हें नाले से बाहर निकाला, तो उन्होंने तनुजा को वहीं मृत घोषित कर दिया, जबकि प्रियांश के बचने की एक प्रतिशत संभावना थी, लेकिन उसने भी जल्द जान गंवा दी। एक अन्य परिजन ने कहा कि हादसे के वक्त तनुजा की भाभी पिंकी भी उनके साथ मौजूद थी। तनुजा ने प्रियांश और एक बैग अपने हाथ में पकड़ रखा था। जब वे नाले में गिरे, तो पिंकी भी उन्हें बचाने के लिए कूद पड़ी। रिश्तेदार ने बताया, स्थानीय लोगों ने पिंकी को तो बाहर निकाल लिया, क्योंकि उसके हाथ पानी से ऊपर थे, लेकिन तनुजा के हाथ नहीं मिल पाए, क्योंकि वह अपने बेटे को पकड़े हुए थी। मां-बेटे की मौत के बाद इलाके में लोगों में काफी रोष है। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे निगम व पुलिस अधिकारियों को भी स्थानीय लोग खरी-खरी सुनाने से नहीं चूके। उनका कहना है कि हर साल यहां बारिश के दौरान यही हालत रहती है, लेकिन कोई इनकी सुध लेने नहीं आता।

**दिल्ली में आसमान से हमले का खतरा! पुलिस ने 15 अगस्त तक इन चीजों पर लगा दिया बैन : नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने 15 अगस्त के मद्देनजर राष्ट्रीय राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। साथ ही 2 अगस्त से लेकर 16 अगस्त तक कुछ चीजों पर प्रतिबंध लगा दिया है। दिल्ली पुलिस ने कहा है कि उसे ऐसी सूचना मिली है कि कुछ अपराधी, आसमाजिक तत्व और आतंकवादी संगठन स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देश की राजधानी में बड़े हमले की तैयारी में हैं। ये लोग भीड़भाड़ वाले इलाके, महत्वपूर्ण व्यक्तियों और संस्थानों को निशाना बना सकते हैं। इसके लिए ये लोग आसमान से हमला कर सकते हैं। ये लोग पारा ग्लाइडर्स, पारा मोटर्स, हैंड ग्लाइडर्स, यूएवी, यूएएस, माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट, रिमोटली पायलेटेड एयरक्राफ्ट, हॉट एयर बैलून, छोटे विमानों, क्वाडकॉप्टर्स और यहां तक कि विमानों से पारा जंपिंग कर हमले को अंजाम दे सकते हैं। इन खतरों को देखते हुए दिल्ली पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा ने भारतीय न्याय संहिता के सेक्शन 163 के तहत मिले अधिकार का इस्तेमाल करते हुए एक नोटिस के जरिए आदेश जारी किया है। इसमें कहा गया है कि स्वतंत्रता दिवस समारोह 2024 को देखते हुए राष्ट्रीय राजधानी के आसमान में कुछ चीजों को उड़ाने पर प्रतिबंध रहेगा। इन चीजों में पारा ग्लाइडर्स, पारा मोटर्स, हैंड ग्लाइडर्स, यूएवी, यूएएस, माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट, रिमोटली पायलेटेड एयरक्राफ्ट, हॉट एयर बैलून, छोटे विमान, क्वाडकॉप्टर्स और पारा जंपिंग करने की मनाही होगी।

## दिल्ली का दशकों पुराना ड्रेनेज सिस्टम बदलने की तैयारी, बेसमेंट में एंट्री-एग्जिट गेट होंगे जरूरी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली को जलभराव मुक्त बनाने को लेकर दशकों पुराने ड्रेनेज सिस्टम को बदलने की तैयारी है। वार्ड के हिसाब से पुराने नालों की सूची तैयारी होगी। मेयर शैली ओबरॉय ने गुरुवार को इसकी घोषणा करते हुए कहा कि 500 करोड़ रुपये के फंड से नालों का पुनर्निर्माण किया जाएगा। दिल्ली की मेयर शैली ओबरॉय ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि दिल्ली में 20-30 साल पुराना ड्रेनेज सिस्टम काम कर रहा है। इसे वर्षों से बदला नहीं गया है। यह पूरी तरह से खराब हो चुका है। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के अफसरों को खराब ड्रेनेज सिस्टम की सूची तैयार करने और उसको बदलने में आने वाले खर्च का अनुमान लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि मेयर का 500 करोड़ रुपये की विवेकाधीन निधि का फंड होता है। इसके लिए अगर मेयर के फंड से भी पैसे देने की जरूरत पड़ी तो दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मॉनसून तक एमसीडी के अधिकारी और स्टाफ 24 घंटे काम करेंगे। पूरी दिल्ली में फुटपाथ और बंद पड़े नालों से अतिक्रमण हटाया जाएगा। राजेंद्र नगर हादसे के बाद दिल्ली में बेसमेंट इस्तेमाल को लेकर दिशानिर्देश जारी वहीं, दिल्ली ओल्ड राजेंद्र नगर में हुए हादसे के बाद नगर निगम लगातार कार्रवाई कर रहा है। इसी कड़ी में निगम ने बेसमेंट के इस्तेमाल को लेकर दिशानिर्देश जारी किया है। जारी सर्कुलर में कहा गया है कि अब से बेसमेंट में अलग-अलग प्रवेश और निकासी द्वार का होना जरूरी होगा। सर्कुलर के अनुसार, जिन इमारतों में बेसमेंट होगा, उनका सर्वे किया जाएगा। अगर कोई बेसमेंट का गलत इस्तेमाल करता हुआ मिलता है तो तुरंत कार्रवाई की जाएगी। यहां तक कि निगम बेसमेंट को सील भी करेगा। इसके अलावा फुटपाथ और नालों पर से अतिक्रमण हटाया जाएगा। नालों की गंदगी को सुपर सकर मशीन से साफ किया जाएगा। पोर्टेबल पंप का इस्तेमाल होगा जलभराव की निकासी के लिए निगम पोर्टेबल पंप का इस्तेमाल करेगा। इसके लिए ऑपरेटर भी तैनात रहेंगे। सड़कों पर खुले तारों और केबल को लेकर सर्वे किया जाएगा, जिससे कि संबंधित विभाग उचित कदम उठा सके। कुछ क्षेत्रों में जल निकासी के लिए पुराने बैरल हैं। किसी भी अप्रिय घटना से बचाव के लिए उनका निरीक्षण होगा।

## एलजी को नहीं थी जानकारी, मुख्य सचिव ने दी क्लीन चिट ; पेड़ों की कटाई के मामले में स्ष्ट को क्या बताया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के रिज एरिया में पेड़ों की कटाई के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की। इस दौरान कोर्ट को बताया गया कि दिल्ली के उपराज्यपाल को अधिकारियों ने यह बात नहीं बताई थी कि पेड़ों की कटाई के लिए शीर्ष अदालत की अनुमति की जरूरी है। दिल्ली के मुख्य सचिव नरेश कुमार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि एलजी वीके सक्सेना को 2 फरवरी को साइट विजिट के दौरान दक्षिणी रिज में पेड़ों की कटाई के लिए शीर्ष अदालत की अनुमति लेने की आवश्यकता के बारे में नहीं बताया गया था।

कुमार ने अदालत में एक नया हलफनामा पेश किया। कोर्ट सतबारी में पेड़ों की अवैध कटाई को लेकर सक्सेना की अध्यक्षता वाले दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के खिलाफ अवमानना याचिका पर सुनवाई कर रही थी। मुख्य सचिव की यह जवाब अदालत के 12 जुलाई के आदेश के बाद आया है, जिसमें उन्हें एलजी के साइट विजिट के दौरान क्या हुआ, इसका विवरण देने का निर्देश दिया गया था। अदालत ने अपने अंतिम आदेश में कहा था कि उसे इस बात की जांच करने में कोई दिलचस्पी नहीं है कि अदालत की अनुमति के बिना एलजी परियोजना को आगे बढ़ाने में तेजी कैसे लाए, लेकिन वह यह जानना चाहता हैं कि क्या विजिट के दौरान उनके साथ मौजूद किसी अधिकारी ने उन्हें इस बारे में जानकारी दी थी या नहीं। कुमार ने कहा कि जहां तक उनकी जानकारी है, मौके पर मौजूद किसी भी अधिकारी ने उपराज्यपाल को इस अदालत द्वारा पारित आदेश और/या वृक्ष अधिकारी (दिल्ली वृक्ष संरक्षण अधिनियम (डीपीटीए), 1994 के तहत) की अनुमति लेने की आवश्यकता के बारे में नहीं बताया। सेक्रेटरी ने 30 जुलाई को हलफनामा दाखिल किया है। बता दें कि जुलाई की शुरुआत में, सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर अफसोस जताया था कि पेड़ों की अवैध कटाई को लेकर लगातार कवर-अप और आरोप-प्रत्यारोप का खेल चल रहा है। दिल्ली निवासी बिंदु कपूरिया द्वारा दायर अवमानना याचिका में आरोप लगाया गया था कि मई 1996 के एमसी मेहता मामले में दिए गए निर्देशों के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट की अनुमति के बिना रिज में लगभग 1,100 पेड़ काटे गए, जो अतिक्रमण से रिज की रक्षा करता है। छतरपुर से सार्क विश्वविद्यालय और मैदान गढ़ी और सतबारी क्षेत्रों में अन्य प्रतिष्ठानों तक 10 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण के लिए पेड़ों की कटाई की गई थी।

## 15 मिलियन अमेरिकी डॉलर की ठगी मामला : दिल्ली की अदालत ने 4 आरोपियों को सीबीआई की रिमांड में भेजा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने गुरुवार को शुभम जैन, अंबुज माथुर शैलेंद्र कुमार गौतम को चार दिन और अभिषेक बिष्ट को दो दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया। उन्हें कथित तौर पर अमेरिकी नागरिकों से 15 मिलियन डॉलर की ठगी करने के आरोप में अंतरराष्ट्रीय साइबर धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। सीबीआई ने आरोपियों की 5 दिन की रिमांड की मांग करते हुए एक आवेदन दायर किया था। दो अन्य आरोपी धैर्य और ध्रुव खट्टर 3 अगस्त तक सीबीआई की हिरासत में हैं। ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) निशांत गर्ग ने आरोपियों को सीबीआई की हिरासत में भेज दिया। मजिस्ट्रेट गर्ग ने कहा, जांच अधिकारी की रिपोर्ट और अब तक की गई जांच पर विचार करते हुए, मेरा विचार है कि अपराध के अन्य विवरण, अन्य आरोपियों की संलिप्तता और ठिकानों तथा अपराध की आय के प्रवाह और वसूली का पता लगाने में जांच में सहायता के उद्देश्य से आरोपी व्यक्तियों अभिषेक बिष्ट, अंबुज माथुर, शुभम जैन और शैलेन्द्र कुमार गौतम से हिरासत में पूछताछ की आवश्यकता है। इसके लिए 4 दिन की पुलिस हिरासत काफी होगी। मजिस्ट्रेट ने अपने आदेश में उल्लेख किया कि जहां तक आरोपी अभिषेक बिष्ट का सवाल है, आईओ ने दलील दी है कि उसकी पुलिस हिरासत कम से कम 2 दिन तक सीमित की जा सकती है। अदालत ने 1 अगस्त को आदेश दिया, इसके अनुसार, आरोपी अंबुज माथुर, शुभम जैन और शैलेंद्र कुमार गौतम को 4 दिनों की पुलिस हिरासत में भेजा जाता है। उन्हें 5 अगस्त, 2024 को पेश किया जाए। आरोपी अभिषेक बिष्ट की मेडिकल स्थिति को देखते हुए उसे 2 दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया। उसे 3 अगस्त, 2024 को पेश किया जाएगा। अदालत ने निर्देश दिया, यह कहने की जरूर नहीं है कि आईओ यह सुनिश्चित करेगा कि आरोपी शुभम जैन और अभिषेक बिष्ट को आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई जाएं और उनकी भलाई सुनिश्चित करने के लिए हर संभव देखभाल की जाए। यदि आवश्यक हो, तो उन्हें इलाज संबंधी आवश्यकता के मामले में सरकारी अस्पताल ले जाया जाएगा। ध्रुव और धैर्य खट्टर नामक दो अन्य आरोपी भी 3 अगस्त तक सीबीआई की हिरासत में हैं। सीबीआई ने चारों व्यक्तियों की पांच दिनों की पुलिस हिरासत की मांग की थी। सीबीआई की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक (एपीपी) सौरभ सिंह ने दलील दी कि 30 जुलाई 2024 को आरोपियों के ठिकानों पर तलाशी के दौरान शैलेंद्र कुमार गौतम के घर से 17.99 लाख रुपये की नकदी और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई। सीबीआई ने दलील दी कि अन्य आरोपियों के ठिकानों से भी आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई।

# ओलंपिक से वापस आकर पिस्टल कोच समरेश जंग को लगा झटका, घर खाली करने को कहा गया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक में मनु भाकर और सरबजोत सिंह को कांस्य पदक दिलाने वाले राष्ट्रीय पिस्टल शूटिंग कोच समरेश जंग को घर लौटने पर जबरदस्त झटका लगा जब उन्हें पता लगा कि उनके घर और इलाके को दो दिनों में ध्वस्त कर दिया जाएगा। ओलंपियन जंग को राष्ट्रीय राजधानी के सिविल लाइन्स में खैबर पास इलाके के अन्य निवासियों के साथ नोटिस दिया गया था। नोटिस आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के भूमि और विकास कार्यालय (एलएनडीओ) द्वारा जारी किया गया था, जिसमें दावा किया गया था कि जिस जमीन पर खैबर पास कॉलोनी स्थित है वह रक्षा मंत्रालय की है और इसलिए अवैध है।



बात करते हुए, अर्जुन पुरस्कार विजेता ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि यह विध्वंस अभियान क्यों हो रहा है। यह उनकी योजना में है और मुझे इसके बारे में पता भी नहीं है। उन्होंने पूरी कॉलोनी को अवैध घोषित कर दिया है..। जंग ने कहा कि कल शाम यह घोषणा की गई कि उन्हें 2 दिनों के भीतर क्षेत्र खाली करना होगा। उन्होंने आईएएनएस को बताया, मेरा परिवार 1950 के दशक से पिछले 75 वर्षों से यहां रह रहा है। हम अदालत गए लेकिन हमारी याचिका खारिज कर दी गई। उन्होंने आगे कहा कि दो दिनों में सामान पैक करना और घर खाली करना वाकई मुश्किल है। जंग ने कहा, हम बस कुछ समय चाहते हैं, यह संभव नहीं है कि आपने आज घोषणा की और कल हम घर खाली कर देंगे और वापस चले जाएंगे। इससे पहले, मेलबर्न में 2006 के राष्ट्रमंडल खेलों में पांच स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य जीतने वाले जंग ने गुरुवार शाम को सोशल मीडिया पर अपनी पीड़ा व्यक्त की और कहा कि यह चौंकाने वाला था कि भूमि एवं विकास कार्यालय ने सिर्फ दो दिन के नोटिस के साथ विध्वंस की बेतरतीब घोषणा की।

समरेश ने गुरुवार रात एक्स पर पोस्ट किया, भारतीय निशानेबाजों के दो ओलंपिक पदक जीतने के उत्साह के बाद, मैं, टीम का कोच, ओलंपिक से घर लौटा और निराशाजनक खबर मिली कि मेरा घर और इलाका 2 दिनों में ध्वस्त कर दिया जाएगा।

एशियाई खेलों के पूर्व कांस्य पदक विजेता और बीजिंग 2008 ओलंपिक में भाग लेने वाले जंग ने कहा कि ए

क ओलंपियन के रूप में, वह कम से कम एक सम्मानजनक निकास की उम्मीद करते हैं, साथ ही मामले पर स्पष्टता के साथ कम से कम 2 महीने खाली करने की अपील भी करते हैं। उन्होंने कहा, कोई उचित सूचना या नोटिस नहीं दिया गया है। 75 साल से यहां रह रहे परिवार 2 दिनों में कैसे खाली कर सकते हैं? यह चौंकाने वाला है कि झ्रछ्वह्रढ्ढतश्ढ्ढ ने सटीक क्षेत्र की कोई स्पष्टता के बिना, 2 दिनों के नोटिस के साथ विध्वंस की बेतरतीब घोषणा की है। जंग ने निष्कर्ष निकाला, एक ओलंपियन और अर्जुन पुरस्कार विजेता होने के नाते, कम से कम मुझे उम्मीद है कि समुदाय के साथ-साथ एक सम्मानजनक निकास होगा। मैं मामले पर स्पष्टता और उचित तरीके से खाली करने के लिए कम से कम 2 महीने की अपील करता हूं। उन्होंने अपने पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, खेल मंत्री मनसुख मंडाविया के साथ-साथ दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल, भारतीय ओलंपिक संघ प्रमुख पीटी उषा, आवास और शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर और आईओए उपाध्यक्ष और साथी निशानेबाज गगन नारंग को भी टैग किया।

नारंग शेफ डी मिशन के रूप में इस समय भारतीय दल के साथ पेरिस में हैं। दिल्ली के सिविल लाइंस इलाके में खैबर दर्रे पर बड़े पैमाने पर विध्वंस अभियान पिछले महीने शुरू हुआ था। 9 जुलाई के दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले के अनुसार, भूमि शुरू में रक्षा मंत्रालय की थी।

1 जुलाई को एक नोटिस जारी किया गया था, जिसमें निवासियों को 4 जुलाई तक खाली करने की आवश्यकता थी। इसे चुनौती दी गई थी, और अदालत ने 3 जुलाई को एक तत्काल सुनवाई में विध्वंस को आगे बढ़ाने की अनुमति दे दी, जब तक कि उचित प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया गया। 9 जुलाई को अंतिम सुनवाई में, अदालत ने फैसला सुनाया कि याचिकाकर्ताओं ने अपनी भूमि के स्वामित्व को प्रमाणित करने वाला कोई दस्तावेज पेश नहीं किया था।

पेरिस ओलंपिक

## लिंग जांच में अयोग्य मुक्केबाज का पंच पड़ने के बाद हटी कैरिनी, बोलीं- इतनी जोर से मारा..

**पेरिस, एजेंसी।** कैरिनी ने नाक पर तगड़ा पंच पड़ने के बाद हाथ उठाकर मुकाबले से हटने का इशारा किया। ओलंपिक जैसे मंच पर अमूमन कोई मुक्केबाज इस तरह नहीं हटता है। कैरिनी की नाक से हल्का खून भी निकला। अल्जीरिया की विवादास्पद मुक्केबाज इमाने खलीफ प्रतिद्वंद्वी इटली एंजेला कैरिनी के मुकाबले के महज 46 सेकंड बाद हटने से पेरिस ओलंपिक का पहले दौर का मुकाबला जीत गई।



खलीफ को 2023 विश्व चैंपियनशिप में लिंग जांच में विफल होने के बाद जैविक रूप से पुरुष बताते हुए अयोग्य कर दिया गया था जिसके बाद से पेरिस में उनकी मौजूदगी चर्चा बनी हुई है।

**कैरिनी को सताया नाक की हड्डी टूटने का डर:** कैरिनी ने नाक पर तगड़ा पंच पड़ने के बाद हाथ उठाकर मुकाबले से हटने का इशारा किया। ओलंपिक जैसे मंच पर अमूमन कोई मुक्केबाज इस तरह नहीं हटता है। कैरिनी की नाक से हल्का खून भी निकला। एंजेला घुटनों के बल बैठ गई और खलीफ से हाथ मिलाने से भी मना कर दिया। बाद में कैरिनी ने कहा कि मुझे कभी इतना तगड़ा पंच नहीं लगा। बहुत दर्द हो रहा है, डर है कि कहीं नाक की हड्डी न टूट गई हो। हालांकि मैंने अभी जांच नहीं कराई है।

**अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने क्यों दी अनुमतिः** इमाने खलीफ ने 2022 में विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीता था। उन्हें पिछले साल दिल्ली में हुई विश्व चैंपियनशिप के फाइनल से यह कहकर रोक दिया गया था कि उनके टेस्ट में पुरुष हार्मोन ज्यादा हैं।

केवल इमाने ही नहीं अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ ने ताइवान की 28 साल लिन यू टिंग का भी इसी आधार पर पदक छीन लिया था। लिन भी पेरिस में 57 भारवर्ग में खेल रही हैं। दरअसल अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने दोनों को यह कहकर मान्यता दी है कि वह पासपोर्ट में महिला के रूप में दर्ज हैं, इसलिए वह महिला मुक्केबाजी में खेलने के योग्य हैं।

## पेरिस में हार के बाद पीवी सिंधु ने लिया संन्यास?

**पेरिस, एजेंसी।** पीवी सिंधु के लिए पेरिस ओलंपिक किसी बुरे सपने से कम नहीं रहा. भारतीय स्टार शटलर को बैडमिंटन के वुमेंस सिंगल के प्री क्वार्टर फाइनल यानी राउंड 16 से बाहर होना पड़ा. राउंड 16 में सिंधु को चीन की बिंग जियाओ के खिलाफ हार झेलनी पड़ी थी. हार के बाद सिंधु ने अपने संन्यास को लेकर बड़ा अपडेट दिया. उन्होंने 2028 में खेले जाने वाले ओलंपिक को लेकर बात की.



बता दें कि राउंड 16 में पीवी सिंधु को चीन की बिंग जियाओ के खिलाफ 21-19, 21-14 से हार झेलनी पड़ी थी. इस हार के साथ सिंधु का लगातार तीसरे ओलंपिक में मेडल जीतने का सपना चूर हो गया. हार के साथ सिंधु का अभियान खत्म हो गया. हार के बाद सिंधु से 2028 के लॉस एंजिल्स के ओलंपिक के बारे में पूछा गया. सिंधु ने जवाब देते हुए कहा, अभी अगले ओलंपिक में चार हैं. मैं वापस जाकर थोड़ा आराम करूंगी. ब्रेक लेने के बाद देखूंगी कि क्या है.

चार साल बहुत लंबा वक्त है. फिलहाल वापस जाने का वक्त है. मैं वो नतीजा नहीं दे पाई, जिसकी मुझे उम्मीद थी. यह दुखद है, लेकिन यह एक सफर है. इसके अलावा भारतीय स्टार ने मुकाबले को लेकर बात की. उन्होंने बताया कि कैसे वह खुद पर काबू नहीं रख सकीं. भारतीय शटलर ने कहा, मुझे लगता है कि मुझे अपनी गलतियों पर काबू रखना चाहिए, खासकर दूसरे मैच में. यह दुखद है कि मैं इसे जीत में नहीं बदल पाई. पहले मैच में स्कोर एक वक्त पर 19-19 था. मैं हर प्वाइंट के लिए लड़ती रहीं.

## दिल्ली कैपिटल्स के मालिक हैम्पशर काउंटी में बड़ी हिस्सेदारी खरीदने के लिए सहमत

**लंदन, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स के सह-मालिक जीएमआर ग्रुप ने इंग्लिश काउंटी टीम हैम्पशायर के साथ 120 मिलियन पाउंड (लगभग 1278 करोड़ रुपये) में बहुलांश हिस्सेदारी खरीदने के समझौते पर सहमति व्यक्त की है। हैम्पशायर ऐसे में किसी विदेशी इकाई के स्वामित्व वाली पहली काउंटी टीम बन जाएगी।

इससे जीएमआर समूह के पास इस टीम के 51 प्रतिशत शेयरों पर नियंत्रण होगा। एक रिपोर्ट में बताया, 'समझा जाता है कि दिल्ली कैपिटल्स के मालिकों ने आईपीएल के अपने प्रतिद्वंद्वी लखनऊ सुपरजायंट्स की बोली को पछाड़ दिया। जीएमआर समूह के पास इसके साथ ही यूटिलिटा बाउल (हैम्पशायर में क्रिकेट स्टेडियम), हिल्टन होटल और उसी स्थान पर एक गोल्फ कोर्स का भी नियंत्रण होगा। दिल्ली कैपिटल्स के सह-मालिक होने के अलावा जीएमआर समूह के पास दुबई कैपिटल्स (आईएलटी20, यूएई) का स्वामित्व और मेजर लीग क्रिकेट (अमेरिका) की फ्रेंचाइजी सिएटल ऑर्कास में भी हिस्सेदारी है।

## सिगरेट-शराब के विज्ञापनों में नहीं दिखेंगे खिलाड़ी सरकार ने कहा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष रॉजर बिन्नी से स्वास्थ्य महानिदेशक ने देश की आबादी को स्वस्थ रखने के संकल्प में सरकार का सहयोग देने के लिए कहा है। उन्होंने अपील की है कि आईपीएल या अन्य क्रिकेट टूर्नामेंट के दौरान इस तरह के विज्ञापनों का प्रसार नहीं होना चाहिए।

अब देश का कोई भी खिलाड़ी शराब या धूम्रपान का विज्ञापन करता दिखाई नहीं देगा। केंद्र सरकार के स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. अतुल गोयल ने बीसीसीआई और साई को पत्र लिख खिलाड़ियों से तत्काल शपथ पत्र लेने के लिए कहा है। पत्र में डॉ. गोयल ने लिखा है कि खिलाड़ी खासतौर पर क्रिकेटर देश की युवा आबादी के लिए रोल मॉडल हैं। यह युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित कर सकते हैं। हालांकि यह दुर्भाग्य है कि अक्सर खेल जगत के दिग्गज सितारे सिगरेट, बीड़ी या फिर पान मसाला का विज्ञापन करते हुए दिखाई देते हैं।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष रॉजर बिन्नी से स्वास्थ्य महानिदेशक ने देश की आबादी को स्वस्थ रखने के संकल्प में सरकार का सहयोग देने के लिए कहा है। उन्होंने अपील की है कि आईपीएल या अन्य क्रिकेट टूर्नामेंट के दौरान इस तरह के विज्ञापनों का प्रसार नहीं होना चाहिए। साथ ही खिलाड़ियों को इन विज्ञापनों से दूर करने के लिए तत्काल उपायों पर गौर करना चाहिए। डॉ. गोयल ने सुझाव दिया है कि बीसीसीआई खिलाड़ी से एक शपथ पत्र ले सकती है, जिसमें वह इन विज्ञापनों से खुद अलग रखने का वादा करेंगे। इसी तरह का एक पत्र भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के महानिदेशक संदीप प्रधान को लिखा गया है।

दरअसल, देश के चर्चित खिलाड़ी और फिल्म स्टार अक्सर विभिन्न माध्यमों में तंबाकू उत्पादों का विज्ञापन करते दिखाई देते हैं। इनमें भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव से लेकर वीरेंद्र सहवाग, सुनील गावस्कर और फिल्म अभिनेता अजय देवगन, अक्षय कुमार, शाहरुख खान तक शामिल हैं।

## मां बनने के दो साल के अंदर तीन महिलाओं ने ओलंपिक में जीते पदक, बच्चों के साथ मनाया जश्न



**पेरिस, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक में तीन माताओं के लिए नौकायन स्पर्धा में पदक जीतने के बाद अपने बच्चों के साथ जश्न मनाना बेहद खास रहा। ब्रिटेन की अनुभवी हेलेन ग्लोवर, न्यूजीलैंड की लुसी स्पूर्स और ब्रुक फ्रांसिस बच्चे को जन्म देने के दो साल से भी कम समय के अंदर ओलंपिक पदक जीतने में सफल रहीं।

स्पूर्स तथा फ्रांसिस की जोड़ी ने महिला युगल स्कल्स में स्वर्ण पदक जीता, जबकि तीन बच्चों की मां ग्लोवर महिला फोर स्पर्धा में रजत पदक हासिल करने में सफल रही। स्पूर्स और फ्रांसिस के जीत दर्ज करने के तुरंत बाद दर्शक दीर्घा में बैठे अपने बच्चों को गोद में उठा लिया। फ्रांसिस ने कहा, 'मैंने उन्हें स्टैंड में देखा और उन्हें गले लगाने में भी कामयाब रही। मुझे लगता है कि वे अपनी मां के वापस आने का इंतजार कर रहे थे। न्यूजीलैंड की ये दोनों खिलाड़ी अपने बच्चों की देखभाल के मुश्किल समय के दौरान एक-दूसरे को प्रेरित करने के लिए अभ्यास सत्र के दौरान बच्चों के गीत गाते थे। वे अपने परिवारों को पेरिस ले आए ताकि प्रतियोगिता पर ध्यान केंद्रित कर सकें। फ्रांसिस ने कहा, 'यह शानदार एहसास है। बच्चों का पालन-पोषण करना आसान नहीं है। हमें इसमें परिवार और दूसरे खिलाड़ियों का भी साथ मिला हैं।

यह इसे और भी अधिक खास बनाता है। हमारा परिवार यहां है और हमारे बच्चों को अब यह विरासत देखने को मिलती है। स्पूर्स ने कहा कि उन्हें और फ्रांसिस को प्रतिस्पर्धियों और अन्य टीमों से समर्थन के संदेश मिल रहे थे, जिसमें कहा गया था कि वे उनका कितना सम्मान करते हैं। स्पूर्स ने कहा, 'फ्रांसिस और मेरी स्थिति बिल्कुल एक जैसी है। मुझे लगता है कि हम जानते हैं कि हम दोनों किस दौर से गुजर रहे हैं। इससे हमें अच्छा करने की और अधिक प्रेरणा मिली।

ग्लोवर ने अभ्यास के दौरान अपने बच्चों को स्तनपान कराने की चुनौती के बारे में बात की है। वह अपनी रेस पूरी करने के बाद सीधे अपने बच्चों को हाई-फाइव करने गईं। उन्होंने पदक समारोह के बाद भी अपने बच्चों गले लगाया। ग्लोवर ने कहा, 'उन्हें यह (मेरा दूसरे स्थान पर रहना और पदक मिलना) बहुत अच्छा रहा है।

पेरिस ओलंपिक

## बंदूकबाज हैं या हिटमैन? बिना स्पेशल गियर के 51 साल के शूटर ने जीता ओलिंपिक मेडल




**पेरिस, एजेंसी।** ओलिंपिक में 10 मीटर मिक्स्ड टीम इवेंट में भारत की मनु भाकर और सरबजोत सिंह ने ब्रॉन्ज मेडल जीता था। इसी इवेंट में तुर्किए को सिल्वर मेडल मिला। यूसुफ डिकेच और शेववल इलैदा तरहान की जोड़ी ने देश के लिए यह मेडल जीता। अपने इवेंट खत्म होने के दो दिन बाद यूसुफ डिकेच सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। उनका शूटिंग का अंदाज हर किसी का ध्यान खींच रहा है।

### क्यों वायरल हो रहे डिकेच?

तुर्किए के यूसुफ डिकेच 51 साल के शूटर हैं। उनकी एक तस्वीर सोशल मीडिया पर कई मीम का सबब बन चुकी है, जिसमें वह ओलिंपिक में सिर्फ एक आम-सा चश्मा पहनकर निशाना लगाते दिख रहे हैं। यह तस्वीर वायरल इसलिए हो रही है कि जहां एक ओर ओलिंपिक में हिस्सा लेने वाले बाकी शूटर्स एक-एक पॉइंट हासिल करने के लिए स्पेशल चश्मे और नॉइज कैंसल करने वाले स्पेशल हेडफोन लगाते हैं।

यूसुफ डिकेच केवल एक चश्मे और इयर प्लग के साथ एक हाथ जेब में डालकर सिल्वर पर निशाना लगाने में सफल रहे। डिकेच इसी साल ओलिंपिक में अपना पहला मेडल जीतने में सफल हुए। इस उम्रदराज शूटर का यह केयर-फ्री अप्रोच खेलप्रेमियों को खूब भा रहा है।

## भारतीय तीरंदाजी मिक्स्ड टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंची



**पेरिस, एजेंसी।** तीरंदाजी में भारत की अंकिता भकत और धीरज की मिक्स्ड टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है। टीम ने शुक्रवार को पेरिस ओलिंपिक के सातवें दिन इंडोनिशिया को 5-1 से हराया। जूडोका तुलिका मान भी मेडल इवेंट खेलेंगी। साथ ही 2 मेडल जीत चुकी मनु भाकर भी एक्शन में हैं। वे 25 मीटर पिस्टल क्वालिफाइंग इवेंट में हिस्सा लें रही हैं। पेरिस में चल रहे गेम्स के 7वें दिन 23 गोल्ड मेडल दांव पर होंगे, इनमें सबसे ज्यादा 4 गोल्ड शामिल हैं। भारतीय खिलाड़ी 2 गोल्ड के लिए दमखम दिखाएंगे।

## 40 साल बाद मार्टिनेज की Olympics में वापसी, अब लॉस एंजिल्स खेलों पर नजर



**शेटराउ (फ्रांस), एजेंसी।** ओलंपिक खेलों में 40 साल बाद वापसी करने वाले 60 बरस के ट्रैप निशानेबाज लियोनेल मार्टिनेज के लिए उम्र सिर्फ एक संख्या है और वह अपने करियर को अगले ओलंपिक तक आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। मार्टिनेज पेरिस खेलों की पुरुषों की ट्रैप प्रतियोगिता में 125 में से नौ निशाने चूक कर 28वें स्थान पर रहे। 1984 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक के बाद यह इन खेलों में यह उनकी दूसरी उपस्थिति है। अगले ओलंपिक का आयोजन 2028 में लॉस एंजिल्स में किया जाएगा और मार्टिनेज का कहा कि वह अपने ओलंपिक करियर पर वहीं विराम लगाना चाहेंगे जहां उन्होंने इसकी शुरुआत की थी। उन्होंने कहा, 'मेरे अंदर एक रोशनी है जो मुझे लॉस एंजिल्स 2028 के लिए मार्गदर्शन कर रही है। यह मेरे लिए भविष्य है। इसके लिए काम अभी शुरू होगा। मैं अपने शरीर और दिमाग से काम करूंगा। यह खेल 90 प्रतिशत मानसिक मजबूती पर आधारित है।

# प्राथमिक शिक्षा गुणवत्ता पूर्ण प्रदान करने का लक्ष्य

## एफ.एल.एन. शिक्षा पद्धति के माध्यम से संभव हो, प्राथमिक शिक्षकों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

**पन्ना।** जिले में शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ करने के लिये प्राथमिक शिक्षा नींव के रूप में मजबूत करने को लेकर ध्यान दिया जा रहा है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संघ प्रिय के प्रयासों के चलते शिक्षा व्यवस्था के साथ-साथ शैक्षणिक गुणवत्ता दोनों जिले में अहम भूमिका को लेकर शिक्षकों के द्वारा कर्तव्य की भूमिका का निर्वाहन भी गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ प्राथमिक शिक्षा किस तरह से प्रदान की जाये ताकि छात्र-छात्राओं की बेसिक शिक्षा नींव जो प्राथमिक शिक्षा कक्षा 1 से लेकर 5 तक प्रमुख मानी जाती है वह नींव स्वयं ही आधार के रूप में भावी समय माध्यमिक तथा उच्च माध्यमिक तथा उच्च शिक्षा प्राप्त करने की दिशा आसानी से छात्र.-छात्रायें अपने जीवन में तय कर सकें। एफ.एल.एन. रिफरेशर 3 का प्राशिक्षण प्राथमिक शिक्षकों को डाइट प्रशिक्षण संस्थान पन्ना में प्रदान किया जा रहा है। जो 24 अगस्त तक प्रशिक्षण प्रति




विकासखण्ड के शिक्षकों को 4 चरणों में देने की बात बताई जा रही है प्रत्येक विकासखण्ड में 40 शिक्षक एक चरण में प्रशिक्षित होंगे जो प्राथमिक शिक्षा में विशेष तौर पर कक्षा 1,2 व 3 के छात्रों को एक निश्चित समय में लक्ष्य के साथ उन्हें शिक्षा प्रदान करते हुये छात्र-छात्राओं में स्वयं ही प्रतिभा का निखार एफ.एल.एन. रिफरेशर 3 की पद्धति से जाना जाये। कक्षा 3 का छात्र जो 45 शब्द निश्चित समय में बखूबी उच्चारण के साथ हिन्दी पढने के साथ-साथ समझ भी विक्सित जानी जाये वहीं वर्तमान समय में प्राथमिक शिक्षा जो कमजोर कड़ी के रूप में मानी जाती है इसमें जब गुणवत्ता आने से छात्र-छात्राओं के शिक्षा के क्षेत्र में उनकी नींव स्वयं ही मजबूत होगी जिससे माध्यमिक शिक्षा तथा उच्च माध्यमिक व उच्च शिक्षा के क्षेत्र में ये छात्र-छात्रायें स्वयं ही अपने भविष्य को संवारने को लेकर जाने जायेंगे। आज के छात्र-छात्रायें जो हमारे देश के कल के भविष्य के निर्माता है यही राष्ट्र के निर्माण में अपने कर्तव्यों से भूमिका का निर्वाहन करेंगे इन्हें शिक्षा के क्षेत्र में गढते हुये निखार लाने के लिये प्रतिभा को तरासने में एफ.एल.एन. रिफरेशर 3 जैसे प्रशिक्षण जो प्राथमिक शिक्षकों को प्रदान किया जा रहा है यही हमारे शिक्षक इन प्राथमिक शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं की दक्षता शिक्षा के क्षेत्र में विक्सित करने के लिये अपनी भूमिका कर्तव्य के रूप में निर्वाहन करेंगे। निश्चित ही शिक्षा के क्षेत्र में हमारे जिले में सतत गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिये लक्ष्य के साथ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा केन्द्र के समन्वयक अजय कुमार गुप्ता के निर्देशन में एफ.एल.एन. रिफरेशर 3 का प्रशिक्षण जो राज्य स्तर से प्रशिक्षित होकर शिक्षक अपनी दक्षता से प्रशिक्षण देकर प्रति सत्र में 40 शिक्षकों को प्रशिक्षित कर रहे है जो 5 दिनों का सत्र माना जाता है यह 24 अगस्त तक चलने को लेकर बताया जा रहा है। निश्चित ही एफ.एल.एन. शिक्षा पद्धति की बात की जाये तो सरस्वती मैम का नाम भी स्वमेव जिले में जाना जाता है भले ही समाजिक संस्था के माध्यम से ही सही पर कर्तव्य निष्ठ भूमिका के चलते समूचे जिले में आपकी तत्परता भी जातनी जाती है। वहीं कलेक्टर पन्ना सुरेश कुमार जिनकी कार्य शैली जहां समूचे जिले में विकास व योजनाओं के क्रियान्वयन में स्वयं कुछ की समय में जमीनी स्तर तक अब जानी जा रही है आपके माध्यम से जहां शिक्षा को लेकर भी विशेष जोर दिया जा रहा है मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संघ प्रिय जिनकी सोच में शिक्षा की गुणवत्ता में सतत सुधार के प्रयास जिला से लेकर ग्राम स्तर तक के विद्यालयों में कहीं पर भी पहुंचकर जाना जाता है वहीं इस तरह के प्रशिक्षण हमारे जिले के वरिष्ठ अधिकारियों की कार्य प्रणाली व मार्गदर्शन से भावी भविष्य शिक्षा के क्षेत्र में गढने का कार्य प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा करने का लक्ष्य लिया गया है जिसके परिणाम आने वाले समय में स्वयं ही जाने जायेंगे।

# कलेक्टर ने स्वच्छता सर्वेक्षण में नगरीय निकायों की रैंक बेहतर करने के संबंध में दिए निर्देश

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने गत बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में जिले के नगरीय निकायों की रैंकिंग में सुधार और इसे विभिन्न गतिविधियों व नवाचार के जरिए बेहतर करने के संबंध में जरूरी निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए सामूहिक जनसहभागिता व जागरूकता कार्यक्रमों जैसे समन्वित प्रयास की भी आवश्यकता है। जिले के समस्त सात नगरीय निकायों में स्वच्छता के विभिन्न मानदण्डों पर सर्वेक्षण में भाग लेने की तैयारी की जा रही है। स्वच्छ सर्वेक्षण का उद्देश्य शहरों में स्वच्छता के लिए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करना है। बैठक में अव्वल रैंकिंग के लिए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, शौचालयों के निर्माण व रखरखाव, उपयोगित जल प्रबंधन के संबंध में भी चर्चा की गई। जिला कलेक्टर द्वारा निकायों में चल रहे विभिन्न कार्यों की समीक्षा भी की गई, जिसके तहत निर्माण कार्यों सहित




भूमि आवंटन, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, वर्षाकाल में एवं इसके उपरांत सड़क मरम्मत व कायाकल्प अभियान, पौधरोपण अभियान, पीएम स्वनिधि योजना, स्वनिधि से समृद्धि योजना, नालों में अतिक्रमण के संबंध में आवश्यक कार्यवाही, संबल पंजीयन, समग्र ई-केवायसी, पेंशनर्स आधार ई-केवायसी तथा आयुष्मान कार्ड प्रगति के संबंध में चर्चा कर जरूरी निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त स्वनिधि से समृद्धि योजना के तहत जिला स्तरीय निगरानी समिति की समीक्षा बैठक में पात्र हितग्राहियों को अन्य विभागों की योजनाओं के संबंध में भी लाभांवित करने के निर्देश दिए। बैठक में सीएमओ शशिकपूर गढ़पाले सहित अन्य निकायों के सीएमओ तथा संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

## स्वतंत्रता दिवस की तैयारी बैठक 5 को

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में सोमवार, 5 अगस्त को सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आगामी 15 अगस्त, स्वतंत्रता दिवस की तैयारी बैठक आयोजित की गई है। इस दौरान 78वें स्वतंत्रता दिवस की रूपरेखा व कार्यक्रमों की तैयारियों के संबंध में चर्चा होगी। अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र द्वारा संबंधित अधिकारियों को बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के लिए निर्देशित किया गया है।

# भगवान निषाद राज महाकुंभ को लेकर बैठक हुई संपन्न



**पन्ना।** विगत दिनांक 30/07/2024 को पन्ना जिले के प्रतिष्ठित एवं लोकप्रिय गौसेवक आदरणीय चाणक्य संतोष रैकवार जी के नेतृत्व में भगवान श्री निषादराज जिलास्तरीय महाकुंभ कार्यक्रम के परपेक्ष में बैठक का आयोजन पन्ना बस स्टैंड स्तिथि कृष्ण पैलेस में किया गया। भगवान श्री निषादराज की पूजा कर बैठक प्रारंभ की गई जिसमे समाज के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम को व्यवस्थित एवं भव्य रूप देने के लिए सभी ने अपने अपने विचार रखे। बैठक में भगवान श्री निषादराज महाकुंभ कार्यक्रम के आयोजन को लेकर, घर-घर जाकर समाज के समक्ष नव विचार को रखने एवं नई व्यवस्था को स्थापित करने को लेकर विस्तृत चर्चा भी हुई।बैठक में माँझी निषाद महासभा के अध्यक्ष संतोष चाणक्य रैकवार शिवचरण बर्मन लक्ष्मी बर्मन विक्रम रैकवार जीवन रैकवार सतीश रैकवार वीरेंद्र रैकवार सोनू रैकवार गुड्डू रैकवार विजेंद्र रैकवारअंकित रैकवार सतीश कल्लू बर्मन दीपक रैकवार अरविंद रैकवार अभी रैकवार आदि शामिल हुए।

# द्वितीय पावरलिफ्टिंग आर्म रैसलिंग मेंस फिजिक चैंपियनशिप का आयोजन

**पन्ना।** विगत दिनांक 28 जुलाई 2024 स्थान धाम मोहल्ला स्वर्गीय चंद्र प्रकाश जड़िया स्वर्गीय चंद्रकांता जड़िया की स्मृति में पन्ना में संपन्न हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि पावरलिफ्टिंग फेडरेशन के संरक्षक विनोद तिवारी जी, जगदीश प्रसाद जडिया जी, विनोद जडिया जी, साजिद खान जी, और पहलवान सर जी की उपस्थिति में श्री संकट मोचन हनुमान जी के विग्रह पर माल अर्पित कर दीप प्रज्वलन करके द्वितीय पावरलिफ्टिंग आर्म रैसलिंग मेंस फिजिक प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया जिसमें पन्ना जिले के समस्त जिम के जिम संचालक और समस्त प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें पावर लिफ्टिंग में गोल्ड मेडलिस्ट देवेंद्र नगर रेनबो पब्लिक स्कूल के विवान सोनी, ज्योतेंद्र खाडीक, आर्यन कुशवाहा, आर्म रैसलिंग में प्रिंस सिसोदिया, पावरलिफ्टिंग में हारून शेख गोल्ड मेडलिस्ट रहे जो अपने कोच स्पर्श



सिसोदिया के साथ देवेंद्र नगर से आए थे। और पन्ना से पावर लिफ्टिंग में गोल्ड मेडलिस्ट एक्सट्रीम फिटनेस के हनी रैकवार मिस्टर (मेंस फिजिक) पन्ना बने, राम नारायण, अम्बर सैन, देवराज रहे इनके कोच रवि खरे थे। गोल्ड मेडलिस्ट रहेअनुराग विश्वकर्मा,योग्यता तिवारी पावरलिफ्टिंग में गोल्डन मेडलिस्ट रही और साथी पन्ना स्ट्रांगेस्ट वूमेन का किताब इन्होंने अपने नाम किया। और सत्येंद्र तिवारी इन्होंने सीनियर कैटेगरी में गोल्ड मेडल हासिल कर पन्ना स्ट्रांग मैन का खिताब अपने नाम किया इनके आइकॉन फिटनेस के ओनर मेंटर शुभम जड़िया रहे। और राघवेंद्र राजावत अपने वेट कैटेगरी में गोल्ड मेडलिस्ट रहे। इस साल पावरलिफ्टिंग फेडरेशन की ओर से यूथ आइकॉन का अवार्ड देने की एक नई परंपरा शुरू होती है जिसमें प्रथम यूथ आइकॉन का अवार्ड पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन अध्यक्ष श्री मनोज गुप्ता जी को जो पावरलिफ्टिंग के साथ ही साथ अन्य कई खेलों के अध्यक्ष हैं और युवाओं के बीच खासे लोकप्रिय हैं और फेडरेशन के सेक्रेटरी निखिल सोनी ज़ी को प्रदान किया गया इन्होने पन्ना मे पावरलिफ्टिंग को लाया और इसके खिलाड़ियों को एक मंच प्रदान करके प्रोत्साहित किया और विगत 2 वर्षों से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया इस प्रतियोगिता में ऑफिशल्स के तौर पर पूर्व मिस्टर पन्ना सब जूनियर राहुल जाटव, रहे प्रेम जाटव, विकास कुशवाहा,शिवानी रजक, शिवानी चौरसिया आदि उपस्थित रहे बृजेश कुमार जडिया जी, दिनेश गोस्वामी जी, वार्ड क्रमांक 6 के पार्षद श्री संतोष साहू जी,श्री साजिद खान जी, और समस्त अतिथियों का विशेष योगदान रहा और पन्ना नगर के समस्त बुद्धिजीवियों ने और खेल प्रेमियों ने इस प्रतियोगिता को सराहा और आगे भी स्टेट और संभाग स्तर की प्रतियोगिताओं को पन्ना नगर मे करने की मंशा जताई।

# बालिका छात्रावास में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

**पन्ना।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय द्वारा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश भावना साधौ के मार्गदर्शन एवं जिला न्यायाधीश हरप्रसाद बंशकार के निर्देशन में गत बुधवार को अनुसूचित जाति-जनजाति पोस्ट मैट्रिक बालिका छात्रावास पन्ना में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

इस मौके पर जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते ने राष्ट्रीय एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं, लोक अदालत व मध्यस्थता के लाभ, पॉस्को एक्ट, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम तथा अन्य कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। साथ ही उपस्थित छात्राओं के



कानूनी प्रावधानों के संबंध में किए गए प्रश्नों का समाधान भी किया। शिविर उपरांत छात्रावास में पर्यावरण के संरक्षण के लिए आंवला, नीम, जामुन, अमरूद इत्यादि के पौधे रोपे गए और छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में करण सिंह, पवन कुमार पाण्डेय, प्रशांत कुशवाहा सहित छात्रावास अधीक्षिका एवं कर्मचारीगण तथा छात्रावास की समस्त छात्राएं शामिल हुईं।

## जिले में 19.4 इंच औसत वर्षा दर्ज

**पन्ना।** पन्ना जिले में इस वर्ष एक जून से एक अगस्त तक 494.2 मिमी अर्थात 19.4 इंच औसत वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष उक्त अवधि में 385.5 मिमी अर्थात 15.1 इंच औसत वर्षा दर्ज की गई थी। अधीक्षक भू अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार अब तक सर्वाधिक वर्षा पवई में 633 मिमी और सबसे कम देवेन्द्रनगर में 324.2 मिमी दर्ज की गई है, जबकि वर्षामापी केन्द्र पन्ना में 484.7 मिमी, गुनौर में 466.3 मिमी, अमानगंज में 535.9 मिमी, सिमरिया में 597.3 मिमी, शाहनगर में 393.2 मिमी, रैपुरा में 545.2 मिमी और अजयगढ़ में 468.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। आज सर्वाधिक वर्षा सिमरिया में 53.1 मिमी दर्ज की गई।

## 5 अगस्त को होगी रोगी कल्याण समिति की बैठक

**पन्ना।** रोगी कल्याण समिति की कार्यकारिणी समिति की बैठक 5 अगस्त को दोपहर 12.30 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में होगी। सिविल सर्जन एवं समिति के सचिव डॉ. आलोक कुमार गुप्ता द्वारा जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में संबंधितजनों से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

## अमानगंज नगर और क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे बिजली बिलों को लेकर उपभोक्ता हैरान

**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज नगर शहर आसपास के ग्रामीण अंचलों में इन दिनों बिजली उपभोक्ता काफी हैरान और परेशान बताया जा रहा है बिजली उपभोक्ता का कहना है कि विद्युत व्यवस्था जैसे-जैसे हमें कम मिलती है इस तरह विद्युत बिलों की बढ़ोतरी निरंतर हर माह देखी जा रही है। ऐसी व्यवस्था विगत चार माह से बनी हुई है राज्य शासन हमारे लिए विद्युत के लिए नाना प्रकार की चर्चा योजना निरंतर करता है परंतु मैदान में उसका उल्टा असर देखा जा रहा है। गरीब उपभोक्ता का कहना है कि हमारा विद्युत बिल हर माह 150 से200 रुपए आता था जो इन दिनों दो हजार से ऊपर आ रहा है। इस विषय में जब भी विभाग से संपर्क कर कर्मचारी से चर्चा की जाती है। और सुधार का निवेदन किया जाता है तो उसमें किसी भी प्रकार का सुधार नहीं होता बिलों में नाना प्रकार के टैक्स संभवत जोड़े जा रहे हैं जो गरीब और सामान्य उपभोक्ता को दे पाना लगातार संभव नहीं है।

क्योंकि उनके पास एक निश्चित और निर्धारित जरा सी आय होती है जो अपना जीवन यापन बड़ी मुश्किल से करते हैं इस विषय में स्थानिक कर्मचारियों को पूरी सावधानी के साथ काम करना होगा ताकि विद्युत बिलों में किसी भी प्रकार की कोताही ना हो और गरीब व सामान्य उपभोक्ता हैरान परेशान ना हो।

## जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 6 अगस्त को

**पन्ना।** जिला पंचायत की सामान्य सभा एवं सामान्य प्रशासन समिति की बैठक आगामी 6 अगस्त को होगी। जिला पंचायत सभाकक्ष में दोपहर 2.30 बजे से सामान्य सभा की बैठक में पीडब्ल्यूडी, अटल भू जल, जल जीवन मिशन एवं खनिज विभाग की समीक्षा होगी। इसके उपरांत आयोजित सामान्य प्रशासन समिति की बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग एवं जनजातीय कार्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा सहित अन्य निर्धारित एजेण्डा पर चर्चा की जाएगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संघ प्रिय द्वारा बैठक में संबंधित जनप्रतिनिधियों से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है। साथ ही संबंधित विभाग के अधिकारियों को भी जानकारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

# निजी स्वामित्व की भूमि पर नल जल योजना की पानी टंकी का निर्माण कार्य तीव्र गति से जारी

**अमानगंज।** अमानगंज तहसील क्षेत्र के ग्राम गड़ोखर में तीन वर्षों से लगातार नल जल योजना की पानी टंकी का निर्माण तीव्र गति से जारी है परंतु तकनीकी गलती के कारण टंकी गिराई गई इसके बाद पुन: बनाने हेतु पीएचई विभाग सागर के ठेकेदार के माध्यम से काम धाम में तेजी से जुटे हुए हैं जिस संबंध में हमारे मैदानी संवाददाता आम जनता ने बताया कि सड़क किनारे स्कूल प्रांगण से लगा हुआ 683 / 2 रकवा 0.05 आ रहे जो वर्ष 1978-79 में भूमि स्वामित्व का पट्टा जो राजस्व विभाग द्वारा प्रदान किया गया था इन समस्त कागजों की फाइल बनाकर तहसीलदार आशुतोष मिश्रा, राजस्व मंडल सुनवानी कला नायब तहसीलदार पी एल संड्या के समक्ष प्रस्तुत किए गए जिस संबंध में न्यायालय के निर्देश अनुसार हल्का नंबर 14 गड़ोखर पटवारी अभिषेक पटेल पहुंचकर मौका स्थल निरीक्षण पंचनामा बनाकर तहसीलदार समक्ष प्रस्तुत किया परंतु नक्शा तरमीम के अभाव में शिकायत संबंधी आवेदन विचार अधीन है। न्यायालय नायब तहसीलदार के कथन अनुसार नक्शा तरमीन के लिए राजस्व निरीक्षक को ग्राम गड़ोखर रवाना किया गया है उनकी रिपोर्ट आने के बाद ही स्थगन आदेश अर्थात स्टे आर्डर जारी हो सकेगा आम जनता के कथन अनुसार संबंधित मामला पेचीदा एवं विवादास्पद स्थिति होने के कारण निर्माण कार्य में लगे सागर ठेकेदार के एक दर्जन कर्मचारी जो हर संभव झगड़ा- झंझट की स्थिति का निर्माण कर सकते हैं। ऐसी स्थिति में न्यायालय नायब तहसीलदार एवं राजस्व निरीक्षक सहित क्षेत्र के वरिष्ठ पांच पटवारी गण स्वयं स्थिति को संभाले, तभी नक्शा तरमीम एवं विवाद का निपटारा संभव है। आम जनता ने जिला कलेक्टर पन्ना सहित तहसीलदार अमानगंज से विनय पत्र प्रस्तुत कर विनम्र अनुरोध किया है, कि समय सीमा में संबंधित मामले का निपटारा कराया जाए ताकि ग्राम गड़ोखर में शांति व्यवस्था कायम रह सके।

# रामकृपाल रैकवार की सेवानिवृत्ति पर हुआ विदाई समारोह

**पन्ना।** नेहरू युवा केन्द्र पन्ना में पदस्थ एमटीएस रामकृपाल रैकवार के सेवानिवृत्ति के अवसर पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पन्ना के सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम के मौके पर उपस्थिजनों ने सेवानिवृत्त एमटीएस के ईमानदार, अनुषासित और कर्त्तव्यनिष्ठ रहकर दायित्वों के निर्वहन एवं षासकीय सेवक के रूप में विशेष पहचान स्थापित करने पर सराहना की। इस अवसर पर नेहरू युवा केन्द्र के उप निदेषक अरविंद सिंह यादव, डाइट के पूर्व व्याख्याता एम.एल.तिवारी, वरिष्ठ समाजसेवी एवं एडव्होकेट आनंद षर्मा, पूर्व जिला युवा समन्वयक एम.पी. नागिल, कटनी के एपीए राजकुमार अग्रवाल, पूर्व एपीए टी.आर. डडसेना, मोहम्मद हारून, युवा महिला मण्डलों के पदाधिकारी, जागेष्वर षुक्ला, एम.एल. विष्वकर्मा, करूणा खरे, देवीदीन वर्मा एवं स्वयंसेवक रामकिषोर पटेल, सत्यम षर्मा, आदर्ष कुषवाहा, नीरज चौबे, सत्यम पाठक, राघवेन्द्र सिंह, मिथलेस त्यागी सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित हुए।

इस अवसर पर अतिथियों द्वारा रामकृपाल रैकवार को शॉल, श्रीफल एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। उप निदेषक अरविंद सिंह यादव ने कहा कि रामकृपाल रैकवार ईमानदार, निष्ठावान व मिलनसार व्यक्तित्व के धनी हैं।

## प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के लाभ के लिए आवेदन आमंत्रित

**पन्ना।** अटल भू-जल योजना के तहत चयनित विकासखण्ड अजयगढ़ में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत ड्रिप सिंचाई, मिनी स्प्रिंकलर एवं स्प्रिंकलर सिंचाई के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। योजना अंतर्गत 2 हेक्टेयर से अधिक भूमिधारक सभी वर्ग के बड़े कृषकों को 45 प्रतिशत और 2 हेक्टेयर से कम भूमिधारक लघु सीमांत कृषकों को 55 प्रतिशत अनुदान निर्धारित इकाई लागत पर प्रदान किया जाएगा। सहायक संचालक उद्यान पी.के. श्रीवास्तव ने बताया कि इच्छुक कृषक एमपीएफएसटीएस पोर्टल पर पंजीयन कराकर संचालनालय द्वारा निकाली जाने वाली लॉटरी में नाम चयनित होने पर कृषक अंश की राशि जमा कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

# अवैध रूप से पशु परिवहन करने वाले 4 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

## आरोपियों के कब्जे से परिवहन में प्रयुक्त ट्रक एवं 62 नग गौवंश (गाय, बैल,बछड़े) बरामद

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस. थोटा द्वारा पन्ना जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अवैध रूप से गौवंश का परिवहन करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन में थाना कोतवाली पन्ना में 04 आरोपियों के विरूद्ध अवैध रूप से पशु परिवहन करते पाये जाने पर वैधानिक कार्यवाही करते हुये अपराध पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह के मार्गदर्शन एवं थाना






प्रभारी कोतवाली पन्ना के नेतृत्व में थाना कोतवाली पन्ना पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर दिनांक 31/07/24 की रात्रि में मोटवा जंगल के पास से एक ट्रक को रोका गया। पुलिस टीम द्वारा उक्त ट्रक में सवार चारो व्यक्तियों को पुलिस अभिरक्षा में लेते हुये सभी के नाम पता पूँछे गये । पुलिस टीम द्वारा उक्त ट्रक को चेक किये जाने पर ट्रक में 62 नग गौवंश (गाय, बैल, बछड़े) बूचड़खाना ले जाने के उद्देश्य से निर्दयता पूर्वक ठूँस-ठूँस कर भरे पाये गये जिनके मुँह एवं पैर बंधे हुये थे । पुलिस टीम द्वारा तत्परता पूर्वक उक्त ट्रक में ठूँस-ठूँस कर भरे गौवंश को गौशाला में सुरक्षित करते हुये परिवहन में प्रयुक्त ट्रक को जप्त किया गया । पुलिस टीम द्वारा मामले में उक्त चारो आरोपियों के विरूद्ध थाना कोतवाली पन्ना में गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम एवं पशुक्रूरता अधिनियम के अतंर्गत्त अप.क्र. 773/24 कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया।

संतोष पिता भंवरलाल लोदा निवासी कुलपुरा तहसील सारंगपुर जिला राजगढ़ म.प्र. 2. मोहम्मद मस्ताना पिता मोहम्मद गौस निवासी पेन्टर कॉलोनी निजामाबाद रूरल, तेलंगाना 3. शेख मैनुद्दीन पिता शेष अब्दुल निवासी शेखपिपरी थाना मोदल जिला आदिलाबाद, तेलंगाना 4. सलीम पिता आमिर खान निवासी हटा, दमोह (म.प्र.)

पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे से परिवहन में प्रयुक्त एक ट्रक कीमती करीब 30 लाख रूपये एवं अवैध रूप से परिवहन कर ले जाये जा रहे कुल 62 नग गौवंश को जप्त किया गया है।

उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली पन्ना निरीक्षक रोहित मिश्रा, चौकी प्रभारी सिविलि लाइन उनि शक्ति प्रकाश पाण्डेय , सउनि रामकृष्ण पाण्डेय, प्र.आर. लक्ष्मी यादव, आर. रामगोपाल शुक्ला एवं थाना कोतवाली पन्ना स्टॉफ का सराहनीय योगदान रहा है।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, शनिवार 03 अगस्त 2024 | 8


उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने ललितपुर-सिंगरौली रेलवे लाइन का निर्माण कार्य समय सीमा में पूरे करने के निर्देश दिए। चित्र उसी दृष्य का।



## गौ वन्य विहार गौवंश को आश्रय देने के साथ रोजगार के अवसर देगा

### गौ वन्य विहार के गौ सेवकों का मानदेय एक हजार रुपए बढ़ाएं : उप मुख्यमंत्री



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने बसामन मामा गौ वन्य विहार अभ्यारण्य की यज्ञशाला में आयोजित बैठक में वन्य विहार के विकास कार्यों की समीक्षा की। बैठक में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि गौ माता पवित्रता की पराकाष्ठा होती है। गाय ही एक मात्र ऐसी जीव है जिसके गोबर और गोमूत्र का उपयोग पूजा में किया जाता है। इस पूरे क्षेत्र में गौ माता के आशीर्वाद से ही विकास के कई बड़े कार्य पूरे हुए हैं। बसामन मामा गौ वन्य विहार प्रोजेक्ट प्रदेश में अपनी तरह की अनूठी परियोजना है। गौमाता के आशीर्वाद से यह परियोजना सफल होकर निराश्रित गौवंश को आश्रय देने के लिए पूरे देश का मार्ग प्रशस्त करेगी। इस गौ वन्य विहार में गौवंश को आश्रय देने के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर पैदा किए जाएंगे। गौ वन्य विहार को गोबर गैस और सोलर प्लांट के माध्यम से ग्रीन एनर्जी का सेंटर बनाएंगे।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि गौ वन्य विहार में छः हजार से अधिक गौवंश को आश्रय दिया गया है। संयुक्त संचालक पशुपालन वन्य विहार में कार्यरत गौ सेवकों का मानदेय एक हजार रुपए प्रतिमाह बढ़ाएं। गौशाला के गोबर से कम्प्रेस्ट गोबर गैस बनाकर नगर निगम को सप्लाई करें। इससे नगर निगम के वाहन चलाए जाएंगे। गौशाला के सभी शेडों में सोलर सिस्टम स्थापित करके सौर ऊर्जा का उत्पादन कराएं। गोबर गैस और सौर ऊर्जा से वन्य विहार को अच्छी आय होगी। गौशाला के गोबर से गुणकारी खाद, गोनाइल तथा अन्य उत्पाद बनाकर भी अतिरिक्त आय प्राप्त करें। इससे गौशाला से जुड़ स्वसहायता समूहों को स्वरोजगार के अवसर मिलने के साथ गौशाला को अतिरिक्त आय होगी। बसामन मामा गौ वन्य विहार पूरे देश के लिए मॉडल बनेगा । जिले में गंगेव विकासखण्ड के हिनौती में भी 1300 एकड़ में वन्य विहार के निर्माण का कार्य शुरू हो गया है। यहाँ लगभग 50 हजार गौवंश को आश्रय मिलेगा। बैठक में मुख्यमंत्री ने पेयजल व्यवस्था, सौर ऊर्जा प्लांट तथा गौशाला के प्रशासनिक भवन का निर्माण कार्य एक माह में पूरा कराने के निर्देश दिए। बैठक के बाद उप मुख्यमंत्री ने गौ माता की पूजा कर गौ ग्रास खिलाया। उप मुख्यमंत्री ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान में पौधे रोपित किए।

बैठक में पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी ने कहा कि 54 एकड़ के पथरीले और उजाड़ भूखण्ड में बसामन मामा गौ वन्य विहार की आधारशिला रखी गई थी। कुछ ही समय में यहाँ जन भागीदारी, जन सहयोग तथा ग्रामीण विकास विभाग एवं वन विभाग के सहयोग से सुंदर वन्य विहार का विकास तेजी से किया जा रहा है। यहाँ जन भागीदारी से 6 करोड़ रुपए से अधिक के निर्माण कार्य कराए जा चुके हैं। गौशाला के निर्माण के साथ यहाँ स्टॉप डैम और तालाबों का निर्माण भी कराया गया जिससे इस वर्ष पानी का कोई संकट नहीं रहा। वन्य विहार की गौमाताओं के आशीर्वाद से ही पुर्वा प्रपात में विकास के कार्य, सड़क तथा पुल का निर्माण कराया गया। बैठक में विधायक प्रतिनिधि श्री राजेश पाण्डेय ने रीवा दुग्ध संघ के गठन तथा दुग्ध सहकारी समितियों को सशक्त कर दूध का संग्रहण बढ़ाने का सुझाव दिया।

बैठक में वनमण्डलाधिकारी अनुपम शर्मा ने बताया कि गौशाला के समीप ही सात एकड़ क्षेत्र में पाँच हजार पौधे गत वर्ष रोपित किए गए थे। इनमें जो पौधे सूख गए थे उनके स्थान पर नए पौधे रोपित किए गए हैं। गौशाला के अंदर भी वन विभाग ने एक हजार पौधे विभिन्न वर्षों में लगाए हैं जिसके कारण पूरा परिसर हरा-भरा हो गया है।

## रेलवे लाइन के दोहरीकरण में आ रही बाधाओं को शीघ्र दूर कराएं : शुक्ल

### अगले वर्ष सीधी तक ट्रेन चलाने के लक्ष्य के अनुसार निर्माण कार्य पूरा कराएं : उप मुख्यमंत्री

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने ललितपुर-सिंगरौली रेलवे लाइन का निर्माण कार्य समय सीमा में पूरे करने के निर्देश दिए। बसामन मामा गौ वन्य विहार रेस्टहाउस में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा-सतना रेल लाइन के दोहरीकरण में आ रही बाधाओं को कलेकटर सतना शीघ्र दूर कराएं। तहसील रामपुर बघेलान के ग्राम खारी, मनकहरी, बठिया, बम्होरी, हिनौता पैपखार तथा बगहाई कोठार में जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी कराकर रेलवे को जमीन उपलब्ध कराएं जिससे दोहरीकरण का कार्य किया जा सके। यह भी सुनिश्चित करें कि कोई भी व्यक्ति निर्माण कार्यों में बाधा उत्पन्न न कर सके। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कलेक्टर सतना सभी चिन्हित गांव में भू-अर्जन पूरा कराकर खसरे में रेलवे का नाम दर्ज करा दें। जिससे रेलवे को कार्य करने में किसी तरह की कठिनाई न हो। रेलवे के अधिकारी प्रशासनिक अधिकारियों से समन्वय बनाकर निर्माण कार्यों को तेजी से पूरा कराएं। अगले वर्ष तक सीधी तक ट्रेन चलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसे ध्यान में रखते हुए गोविंदगढ़ से सीधी के बीच रेलवे लाइन के लिए पुल, पुलिया तथा अन्य निर्माण कार्य तय समय सीमा में पूरा कराएं। कमिश्नर रीवा रेलवे परियोजना के कार्यों तथा भू अर्जन के प्रकरणों के निराकरण की हर माह समीक्षा कर अधिकारियों को समुचित निर्देश दें। ललितपुर-सिंगरौली रेलवे लाइन बुंदेलखण्ड और बघेलखण्ड के लिए वरदान साबित होगी। इसका निर्माण कार्य पूरा हो जाने से पूरा क्षेत्र कलकत्ता से सीधे रेलमार्ग से जुड़ जाएगा। कोयले के परिवहन के लिए भी यह रेलमार्ग बहुत महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। इसका कार्य पूरा होने से क्षेत्र में बड़े उद्योगों की स्थापना को बल मिलेगा। रेलवे तथा उद्योगों के माध्यम से हजारों लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। बैठक में कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद, आईजी एमएस सिकरवार, डीआईजी एसपी पाण्डेय, कलेक्टर सतना अनुराग वर्मा, कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल, एसपी सतना आशुतोष गुप्ता, पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, डीएफओ अनुपम शर्मा सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी एवं रेलवे के अधिकारी उपस्थित रहे।

## पत्थर खदानों के लिए जन सुनवाई 29 अगस्त को

**रीवा।** मऊगंज जिले में हनुमना तहसील में ग्राम सरदमन तथा बीरादेई में विभिन्न खसरा नम्बरों में पत्थर खदान के लिए लीज दी जा रही है। इसके लिए मेसर्स एमसीसी महादेव कॉन्सट्रक्शन कंपनी के संचालक श्री उमेश कुमार सिंह निवासी 2027/70 बड़हर कोठी जिला वाराणसी उत्तरप्रदेश द्वारा आवेदन दिया गया है। ग्राम सरदमन में कुल 5.044 हेक्टेयर तथा ग्राम बीरादेई में विभिन्न खसरा नम्बरों में चिन्हित भूमि को उत्खनन के लिए पर्यावरणीय जन सुनवाई की जाएगी। अपर कलेक्टर मऊगंज अशोक ओहरी 29 अगस्त को ग्राम बीरादेई में ग्राम पंचायत भवन परिसर में सुबह 10 बजे से तथा ग्राम सरदमन में आंगनवाड़ी भवन परिसर में दोपहर एक बजे से पर्यावरणीय जन सुनवाई करेंगे। जन सुनवाई के समय खदान के लिए आवेदन करने वाले, खनिज अधिकारी एवं मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### उप-मुख्यमंत्री ने स्वप्निल कुसाले को दी बधाई

**रीवा।** उप-मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने पेरिस ओलिंपिक में 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन प्रतिस्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर श्री स्वप्निल कुसाले को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि श्री कुसाले ने अपने शानदार प्रदर्शन से 140 करोड़ देशवासियों को गौरवांवित किया है।

## जिले में अब तक 199.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**रीवा।** जिले में पिछले 48 घंटों से रूक-रूक कर वर्षा हो रही है। लगभग सभी तहसीलों में अच्छी वर्षा से धान की रोपाई में तेजी आएगी। जिले में दो अगस्त को 31.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। सर्वाधिक 110 मिलीमीटर वर्षा मनगवां में दर्ज की गई। इस संबंध में अधीक्षक भू अभिलेख ने बताया कि जिले में एक जून से अब तक कुल 199.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष की इसी अवधि से यह 101 मिलीमीटर कम है। एक जून से अब तक तहसील हुजूर में 231.7 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 97.5, गुढ़ में 271 मिलीमीटर, सिरमौर में 262.6 मिलीमीटर, त्योंथर में 112.5 मिलीमीटर, सेमरिया में 189 मिलीमीटर, मनगवां में 284 मिलीमीटर तथा तहसील जवा में 146 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में गत वर्ष इसी अवधि में 300.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की औसत वार्षिक वर्षा 1044.6 मिलीमीटर है।

## निजी क्षेत्र में कस्टम हायरिंग सेंटर खोलने के लिए आवेदन 14 अगस्त तक

**रीवा।** खेती को आधुनिक बनाने के लिए शासन की विभिन्न योजनाओं से कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके तहत शासकीय क्षेत्रों के साथ-साथ निजी क्षेत्र में कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापित किए जाएंगे। इसमें ट्रैक्टर, रोटावेटर, सीडड्रिल सहित विभिन्न आधुनिक कृषि उपकरण उपलब्ध रहेंगे। किसान निर्धारित राशि देकर इनका उपयोग कर सकेंगे। निजी क्षेत्र में कस्टम हायरिंग सेंटर खोलने के लिए 14 अगस्त 2024 तक ऑनलाइन आवेदन दर्ज किए जा सकते हैं। इसके आवेदन पत्र कृषि अभियांत्रिकी विभाग के पोर्टल डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट सीएचसी डॉट एमपी डीएजीई डॉट ओआरजी पर उपलब्ध हैं। पूरे प्रदेश में एक हजार कस्टम हायरिंग सेंटर खोले जा रहे हैं। इसमें अनुसूचित जनजाति के लिए 173, अनुसूचित जाति के लिए 161, सामान्य वर्ग के लिए 572, आजीविका मिशन के कृषक समूहों के लिए 52 तथा अन्य एफपीओ के लिए 52 सेंटरों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। आवेदन के साथ 10 हजार रुपए के बैंक ड्राफ्ट की स्केन कॉपी ऑनलाइन अपलोड करनी होगी। अभिलेखों के सत्यापन के समय इसे प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। अभिलेखों का सत्यापन जिला स्तर पर 20 और 21 अगस्त को उप संचालक कृषि कार्यालय पर किया जाएगा। कस्टम हायरिंग सेंटर के लिए आवेदन करने वाले व्यक्ति को कृषि यंत्रों की खरीद में 40 प्रतिशत तक अथवा अधिकतम 10 लाख रुपए अनुदान दिया जाएगा। इसके हितग्राही को भारत सरकार के एग्रीकल्चर इन्फ्रा स्ट्रक्चर फण्ड से भी लाभ की पात्रता होगी। एक आवेदक केवल एक जिले के लिए ही आवेदन कर सकेगा।

### उप-मुख्यमंत्री ने स्वदेश ग्वालियर के पूर्व प्रबंध संचालक अनुराग बंसल के निधन पर व्यक्त किया शोक

**रीवा।** उप-मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने दैनिक स्वदेश ग्वालियर के पूर्व प्रबंध संचालक और ग्वालियर व्यापार प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष श्री अनुराग बंसल के निधन पर गहन शोक व्यक्त किया है। उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और परिजन को यह दुग्ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

## शहरी पथ विक्रेताओं के पंजीयन हेतु निगम आयुक्त के निर्देशन पर विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा

**रीवा।** शहरी पथ विक्रेताओं के पंजीयन हेतु निगम आयुक्त डॉ0 सौरव सोनवणे के निर्देश पर दिनांक 05/08/2024 से दिनांक 10/08/2024 तक दोपहर 2:00 बजे से सायं 6:00 तक नगर के मुख्य स्थानों पर विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शहरी पथ विक्रेताओं के पंजीयन हेतु शिविर दिनांक 05.08.2024 को नवीन फल सब्जी विक्रय हेतु निर्मित नवीन शेड सिरमौर चौक रीवा में लगाया जावेगा, यह शिविर तानसेन कॉम्प्लेक्स से पी0के0 स्कूल तक, सुभाष चौक, सिरमौर चौक से कॉलेज चौराहा क्षेत्र के पथ विक्रेताओं के लिये लगाया जावेगा। दिनांक 06.08.2024 को शिविर स्थल रतहरा तालाब के पास लगाया जावेगा, यह शिविर रतहरा, आर0टी0ओ आफिस से बाईपास चौक क्षेत्र के पथ विक्रेताओं के लिये लगाया जावेगा। दिनांक 07.08.2024 को शिविर स्थल समान तिराहा में लगाया जावेगा, यह शिविर नवीन बस स्टैण्ड, ज्योति स्कूल, समान तिराहा ज्योति स्कूल से नवीन बस स्टैण्ड समान तिराहा क्षेत्र के पथ विक्रेताओं के लिये लगाया जावेगा। दिनांक 08.08.2024 को शिविर स्थल नीम चौराहा हनुमान मंदिर के पास लगाया जावेगा, यह शिविर नीम चौराहा, नीम चौराहा से स्टेडियम, नीम चौराहा के आस-पास के क्षेत्र के पथ विक्रेताओं के लिये लगाया जावेगा। दिनांक 09.08.2024 को शिविर स्थल पी0टी0एस चौराहा में लगाया जावेगा, यह शिविर पी0टी0एस चौराहा से बाणसागर कॉलोनी, पी0 टी0एस0 से पुलिस लाइन चौक एवं पी0टी0एस0 से यू0जी0 हॉस्टल क्षेत्र तक के पथ विक्रेताओं के लिये लगाया जावेगा। दिनांक 10.08.2024 को शिविर स्थल ढेकहा तिराहा में लगाया जावेगा, यह शिविर ढेकहा से ए0जी0 कॉलेज मोड़ ढ़ेकहा से इको पार्क तक, जय स्तंभ से ए.जी. कॉलेज मोड़ तक के पथ विक्रेताओं के लिये लगाया जावेगा। शिविर में पथ विक्रेताओं के पंजीयन के साथ-साथ प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना एवं स्वनिधि से समृद्धि योजना अंतर्गत आवेदन भी भरे जावेगे। पंजीयन का दायित्व डे-एनयूएलएम शाखा को दिया गया है एवं सभी दायित्वाधीन अधिकारी/कर्मचारी शिविर मे उपस्थिति होकर सभी पथ विक्रेताओं का पंजियन सुनिश्चित करेगें। उक्त शिविर में ऐसे सभी व्यवसायी पंजीयन कर निर्धारित शुल्क जमा करके अपना पंजीयन कार्ड बनवा सकते है। नगर के सभी पथ विक्रेता, हाथ ठेला, रेहड़ी व्यवसायियों को नगर निगम अंतर्गत पथ विक्रेता का पंजीयन कराना अनिवार्य है। पंजीयन न होने के स्थिति में व्यवसायी को अवैधानिक मानते हुये कार्यवाही की जा सकती है, किसी भी प्रकार की कार्यवाही से बचने के लिये पंजीयन अवश्य करायें।

### नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन

**रीवा।** जिले में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन का सिलसिला जारी है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देशन में विद्यालय, महाविद्यालय स्तर पर एवं जनमानस को नशे से दूर रहने के लिये जागरूकता कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। आयोजन के क्रम में अनुभाग स्तर पर सभाओं में नशामुक्ति की शपथ दिलाये जाने के साथ ही नशामुक्ति रथों के माध्यम से जिंगल्स एवं नशामुक्ति गान का प्रसारण किया जायेगा।

## रीवा-भोपाल के मध्य नई ट्रेन का संचालन विंध्य क्षेत्र के लिए बड़ी सौगात

**रीवा।** उप-मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने रीवा-भोपाल के मध्य नवीन ट्रेन संचालन के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि रीवा से भोपाल के बीच यात्रियों की लंबी वेटिंग रहती थी, इस नवीन ट्रेन के संचालन से आमजन को बड़ी राहत मिलेगी। उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि विंध्य क्षेत्र के निवासियों के लिए यह एक बड़ी सौग़ात है। उल्लेखनीय है कि यह नई रेल-सेवा (22145/46) 2 अगस्त से प्रारंभ हो रही है। भोपाल से यह ट्रेन शुक्रवार और रविवार को रात्रि 11 बजे चलेगी और रानी कमलापति, इटारसी, जबलपुर होकर अगले दिन सुबह 9ः15 बजे रीवा पहुंचेगी। इसी तरह यह ट्रेन रीवा से शनिवार और सोमवार की रात 10ः30 बजे चलेगी तथा सुबह 8ः05 बजे भोपाल पहुंचेगी। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव नवीन ट्रेन को भोपाल से हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

## ननि रीवा का 12वॉ विशेष सम्मिलन निगम स्पीकर एवं आयुक्त की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ

**रीवा।** नगर पालिक निगम रीवा का 12वां विशेष सम्मिलन दिनांक 02.08.2024 को निगम स्पीकर श्री व्यंकटेश पाण्डेय की अध्यक्षता एवं निगम आयुक्त डॉ0 सौरव सोनवणे की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। बैठक में एजेण्डा क्र. 1 कायाकल्प योजना 2.0 के अंतर्गत राज्य शासन की प्राथमिकता अनुसार अतिरिक्त आवंटन की दी गई सैद्धांतिक स्वीकृति अनुसार नगर पालिक निगम रीवा क्षेत्रांतर्गत 8 सड़कों के उन्नयन/निर्माण कार्यों की उच्चतम निविदाओं की स्वीकृति प्रदान की गई तथा एजेण्डा क्र. 2 रतहरा तालाब के संरक्षण एवं प्रबंधन कार्य के उच्चतम निविदा का अनुमोदन उपस्थित पार्षदों की सर्वसम्मिति से किया गया। बैठक में पार्षद श्री दीनानाथ वर्मा, सांसद प्रतिनिधि श्री रमाशंकर गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि श्री विवेक दुबे, श्रीमती शिवराज डॉ. सी.एल. रावत, श्रीमती ममता कृष्णाकर कुशवाहा, श्रीमती सपना वर्मा, श्री दारा सिंह, श्रीमती अर्चना शिवदत्त पाण्डेय, श्रीमती विमला सिंह पुत्र सतीश सिंह, श्रीमती ज्योति प्रदीप सिंह, श्रीमती नम्रता संजय सिंह बघेल, श्री सालिकराम नापित (कैप्टन), श्रीमती बंदना सिंह, श्री अंबुज रजक (गोलू), श्री समीर शुक्ला (गोलू), श्री संजय खांन, श्रीमती पूजा प्रमोद सिंह, श्रीमती ज्योति कबीर पाँसा, श्रीमती ज्योति नामदेव, श्रीमती सरस्वती नन्दलाल ताम्रकार, श्री अख्तर अली (मुन्ना भइया), श्री सूरज केवट (बब्बू), श्री राजबहोर चर्मकार उर्फ राजू, श्रीमती नीलू कटारिया, श्रीमती आशा कुशवाहा, श्री गंगा प्रसाद यादव उपस्थित रहें।

### उप मुख्यमंत्री भोपाल से रीवा शुरू हुई नई ट्रेन का आज करेंगे स्वागत

**रीवा।** रेलवे द्वारा भोपाल से रीवा के लिए एक नई यात्री गाड़ी की सुविधा दी गई है। यह ट्रेन भोपाल से प्रत्येक शुक्रवार तथा रविवार रात 11 बजे रवाना होकर दूसरे दिन प्रातः 9 बजे रीवा पहुंचेगी। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल 3 अगस्त को अपने पहले फेरे में भोपाल से रीवा पहुंच रही नई ट्रेन तथा उसके यात्रियों का स्वागत करेंगे। स्वागत समारोह रीवा रेलवे स्टेशन पर सुबह 8.45 बजे आरंभ होगा। समारोह में सांसद श्री जनार्दन मिश्र भी शामिल होंगे। रेलवे द्वारा भोपाल से रीवा के लिए नई ट्रेन संख्या 22145 शुरू की गई है। भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 2 अगस्त को रात 11 बजे नई ट्रेन को हरी झण्डी दिखाकर रीवा के लिए रवाना करेंगे।

## आकाशीय बिजली से संभावित दुर्घटनाओं से स्वयं को बचाये

रीवा

आकाशीय बिजली (वज्रपात) से बचाव के लिए स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग ने जन समुदाय के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन निर्देशों का पालन कर आकाशीय बिजली (वज्रपात) से सुरक्षा और बचाव किया जा सकता है। आकाशीय बिजली (वज्रपात) से आउटडोर (घर के बाहर) बाहरी गतिविधियों में शामिल लोग जैसे खेतों, औद्योगिक स्थानों, निर्माण और सामग्री हैंडलिंग वाले स्थलों पर काम करने वाले लोग सर्वाधिक संवेदनशील होते हैं। आकाशीय बिजली किसी भी समय गिर सकती है। दोपहर और सायंकाल के बीच वज्रपात की घटनाएं सर्वाधिक देखी जाती हैं।

ऊंची नुकीली संरचनाओं, पेड़ों पर आकाशीय बिजली गिरने की अधिक संभावना होती है। ऐसे स्थानों से दूर रहने की सलाह दी गई है। जारी निर्देश में कहा गया है कि धातु का मचान, धातु के उपकरण, पानी के पाइप या प्लम्बिंग, बिजली का संचालन करने वाली सामग्री अथवा सतहों के संपर्क से बचें। ऊंची अधोसंरचनाएं, पहाड़ी टेकरी, बिजली के खंभे, टेलीफोन के खंभे, ऊंचा पेड़, छत, मचान, धातु की सीढ़ी, बड़े मशीन जैसे बुलडोजर, क्रेन और ट्रेक्टर जैसे वाहनों से दूर रहें। विस्फोट संभावित क्षेत्रों तथा उद्योग स्थलों से तत्काल सुरक्षित स्थल की ओर प्रस्थान करें। धातुयुक्त वाहनों से विद्युत प्रवाह संभावित होने के कारण तुरंत सुरक्षित स्थलों की ओर जाएं। सड़क पर होने पर तुरंत किसी भवन के अंदर शरण लें। आकाशीय बिजली के गर्जन सुनाई देने के बाद कम से कम 30 मिनट तक सुरक्षित स्थान पर बने रहें। बिजली एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के संपर्क से दूरी बनाए रखें। इन्हें पावर प्लग से पृथक करें। बिजली का प्रवाह किसी भी दीवार, फर्श, इलेक्ट्रिकल सिस्टम, रेडियो और टेलीविजन रिसेप्शन सिस्टम तारों के माध्यम से हो सकता है। घर, कार्यालय में अर्थिंग सुनिश्चित करें। खुले हुए खिड़की, दरवाजे, धातु के पाइप इत्यादि के पास खड़े नहीं रहें। पानी के धातु पाइप से बिजली प्रवाहित हो सकती है।

विभाग द्वारा चिकित्सकीय सेवाओं के प्रदाय के लिए आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिये गये हैं। प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों के लिए विशेष कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिये गये हैं। पर्याप्त संख्या में औषधियाँ, सामग्री और पैरामेडिकल स्टॉफ का उन्मुखीकरण सुनिश्चित करने को कहा गया है। सभी शासकीय चिकित्सालयों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में आशा कार्यकर्ताओं ए.एन.एम./सी.एच.ओ. के पास जीवन रक्षक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित हो। बहु-उद्देशीय कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं एवं आशा पर्य वेक्षकों को स्थानीय स्तर पर आपात सेवा स्थापित करने के लिए तैयार रखा जाये। शासकीय अमले की सहायता के लिये स्थानीय स्वयंसेवी संगठनों व पैरामेडिकल स्टॉफ को चिन्हित कर आपात स्थिति में उनकी सेवाएं प्राप्त करने की व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये हैं।


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833